RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

मुकद्दस रमजान
इफ्तार बुधवार
सुन्नी- 06:32 PM
शिया- 06:44 PM
सहरी बृहस्पतिवार
सुन्नी- 05:07 PM
शिया- 04:55 PM

वर्ष : 26 | अंक : 89 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 20 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

बदायूं में तनाव, पुलिस का फ्लैग मार्च

पोस्टमार्टम के बाद बच्चों के शव घर लाये गये, आरोपी के पिता व चाचा हिरासत में

बदायूं (एजेंसी)। यूपी के बदायूं में हुए डबल मर्डर से हड़कंप मचा हुआ है। बीती रात साजिद और जावेद ने आयुष (13) और आहान (6) नाम के मासूमों को घर में घुसकर मौत के घाट उतार दिया। धारदार हथियार से गला काटकर मासूमों की हत्या की गई थी। हत्या करने के बाद आरोपियों ने मृतक बच्चों की मां से कहा कि 'आज मैने अपना काम पूरा कर दिया है।' इस बात का जिक्र एफआईआर कॉपी में किया गया है।

शहर की बाबा कालोनी में दो बच्चों की हत्या क्यों की गई इसकी वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। इधर आज सुबह ही दोनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच घर ले (शेष पृष्ठ-4 पर)

सोशल मीडिया पर नजर : एसएसपी

डबल मर्डर केस में एसएसपी बदायूं आलोक प्रियदर्शी ने कहा, कानून-व्यवस्था बिल्कुल सामान्य है। हम सोशल मीडिया पर नजर बनाए हुए हैं। आरोपी साजिद अपना नाई का खोखा पीड़ित परिवार के घर के समाने रखता था। उसके घर में आना-जाना भी था। कल शाम 7:30 बजे वे घर के अंदर गया और छत पर दोनों बच्चे खेल रहे थे उन पर हमला किया और दोनों बच्चों की हत्या कर दी। वे जब जाने लगा तो भीड़ ने पकड़ने की कोशिश की लेकिन वे भीड़ से निकल कर भाग गया। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर फायर किया। जवाबी फायरिंग में उसकी मृत्यु हो गई।

'मैने अपना काम पूरा कर दिया'

मृतक बच्चों के पिता विनोद कुमार ने जो एफआईआर दर्ज करवाई है उसके मुताबिक, 19 मार्च को साजिद और जावेद घर में घुसे थे। उन्होंने मेरी पत्नी से पैसे मांगे थे। फिर अस्वस्थ महसूस करने का बहाना बनाकर छत पर चले गए। वहां चाकू से आयुष और आहान पर कई वार किए और उनको मार डाला। तीसरे बच्चे पर भी हमला किया लेकिन वो बच निकला।

एफआईआर में विनोद सिंह ने आगे लिखा-जब साजिद और जावेद छत से उतर रहे थे तो मेरी पत्नी ने उनके हाथों में खून से सना चाकू देखा। घर से निकलते टाइम उन्होंने कहा कि आज मैंने अपना काम पूरा कर दिया है।

ये सब देख-सुन पत्नी घबरा गई और वो भागकर छत पर पहुंची तो वहां बच्चे खून से लथपथ पड़े थे। चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस को फोन किया गया। इस बीच साजिद मौका पाकर भाग गया।

एफआईआर में विनोद कुमार ने बताया कि उनके घर के सामने ही साजिद अपने भाई जावेद के साथ बार्बर शॉप चलाता है। मंगलवार शाम करीब 7 बजे साजिद अपने भाई के साथ बाइक से घर आया। उस समय घर पर विनोद कुमार की पत्नी संगीता देवी, मां मुन्नी देवी और तीन छोटे बच्चे आयुष (13), पीयूष (9) और आहान (6) मौजूद थे।

घर में घुसने के बाद साजिद ने संगीता से कहा कि उसकी पत्नी की डिलिवरी होने वाली है और डॉक्टर ने रात 11 बजे का वक्त दिया है। उसने संगीता से 5000 रुपये मांगे। इस दौरान साजिद का भाई जावेद बाइक लिए बाहर खड़ा रहा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

क्राइम फाईल

संदिग्ध परिस्थिति में किशोर लापता

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दनकौर क्षेत्र के ग्राम खसराना से (15 वर्षीय) किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। किशोर घर से दनकौर अपनी किताब लेने के लिए निकला था। ग्राम खसराना निवासी सुदेश सिंह ने बताया कि उनका 15 वर्षीय बेटा अमित उर्फ साजन घर से दनकौर अपनी किताब लेने के लिए गया था इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उन्होंने किसी भी तरह की रंजिश होने से इनकार किया है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया गया है पुलिस किशोर की तलाश कर रही है।

गृह स्वामी गए बालाजी घर से लाखों की नकदी व जेवरात चोरी

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-18 क्षेत्र के सेक्टर-55 में रहने वाले एक व्यक्ति के घर से चोरों ने नगदी व लाखों रुपए के जेवरात व जरूरी दस्तावेजों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय गृह स्वामी अपने परिजनों के साथ राजस्थान स्थित बालाजी धाम गए हुए थे। सेक्टर-55सी ब्लॉक निवासी रामप्रताप सिंह ने बताया कि वह बीते 22 फरवरी की रात्रि को अपने परिवार के साथ राजस्थान स्थित बालाजी धाम गए थे। 23 फरवरी को पड़ोसियों ने उन्हें फोन कर बताया कि उनके घर के दरवाजे पर लगा हुआ ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने पर वह तुरंत राजस्थान से नोएडा स्थित अपने घर पहुंचे। घर पहुंचने पर उन्हें ताला टूटा हुआ तथा घर का सामान इधर-उधर बिखरा हुआ मिला। (शेष पृष्ठ-4 पर)

छात्र पर कार सवार युवकों ने किया हमला व फायरिंग

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। खेरली नहर के पास स्थित कोचिंग सेंटर से पढ़कर घर लौट रहे एक छात्र की बाइक में कुछ युवकों ने कार से टक्कर मारकर उसे जान से करने का प्रयास किया। विरोध करने पर कार सवारों ने अपने साथियों के साथ मिलकर छात्र की पिटाई कर दी। इस दौरान एक हमलावर ने छात्र पर तमंचे से फायर कर दिया लेकिन वह बाल-बाल बच गया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर थाना दनकौर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

कार का शीशा तोड़कर 4 मोबाइल व 2 लैपटॉप चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज कॉलेज में परीक्षा देने आए छात्रों की कार का शीशा तोड़कर चोरों ने चार मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया। वहीं थाना फेस तीन क्षेत्र में चोरों ने सड़क किनारे खड़ी कार का शीशा तोड़कर दो लैपटॉप चोरी कर लिए। न्यू विजयनगर गाजियाबाद निवासी विशाल रघुवंशी ने नॉलेज पार्क थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 18 मार्च को वह अपने साथी छात्रों के साथ ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज कॉलेज में परीक्षा देने के लिए गया था। उसने तथा उसके साथियों ने अपने मोबाइल फोन एक बैग में रखकर ऑल्टो कार में रख दिए थे। कार को उन्होंने कालेज के गेट नंबर-1 के पास खड़ा कर दिया और परीक्षा देने के लिए चले गए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

भाजपा नेता गौरव भाटिया को लेकर मचा बवाल, वकील हुए आग-बबूला

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता तथा प्रसिद्ध वकील गौरव भाटिया को लेकर ग्रेटर नोएडा में बड़ा बवाल हो गया है। ग्रेटर नोएडा शहर में स्थित जिला कचहरी में भाजपा नेता गौरव भाटिया एडवोकेट को लेकर हुआ बवाल देखते ही देखते मीडिया की सुर्खियां बन गया है। यह पूरा मामला ग्रेटर नोएडा स्थित जिला गौतमबुद्धनगर जिला कचहरी का है। कचहरी में वकीलों की हड़ताल के दौरान यूट्यूब तथा चर्चित आरोपी एल्विश यादव की जमानत की अर्जी से जुड़ा हुआ है। इस मामले को लेकर ग्रेटर नोएडा कचहरी के वकीलों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है

आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा में स्थित गौतमबुधनगर की जिला कचहरी में बुधवार को वकीलों की हड़ताल थी। यह हड़ताल ग्रेटर नोएडा स्थित कचहरी में कार्यरत एक अधिवक्ता

के पिता के विरुद्ध पुलिस में एक एफआईआर दर्ज हो गई थी। इस घटना के विरोध में ग्रेटर नोएडा की कचहरी में वकीलों ने हड़ताल कर रखी है। इसी बीच भाजपा के प्रवक्ता तथा प्रसिद्ध वकील गौरव भाटिया ग्रेटर नोएडा स्थित कचहरी में पहुंचे। (शेष पृष्ठ-4 पर)

यू-ट्यूबर एल्विश यादव के दो साथी गिरफ्तार

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर 20 पुलिस ने प्रसिद्ध यू-ट्यूबर एल्विश यादव के दो साथियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी पार्टियों में सपेरो के जरिए लोगों को स्नेक वेनम उपलब्ध कराते थे। स्टॉप ऑफिसर शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि हाई प्रोफाइल पार्टियों में लोगों को स्नेक वेनम उपलब्ध कराने के आरोप में पुलिस ने बीते दिनों यूट्यूब एल्विश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

नोएडा पुलिस की हिरासत में युवक की मौत से हड़कंप

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-39 में एक युवक की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। युवक को पुलिस ने नशे की हालत में अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था। युवक की मौत के बाद से पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस के आला अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि नोएडा पुलिस ने (35 वर्षीय) तनवीर पुत्र मोहसिन निवासी ग्राम भानसिया थाना महलगांव जिला अररिया बिहार को नशे की हालत में 39 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। रात्रि के समय तनवीर की अचानक हालत बिगड़ गई। तनवीर की बिगड़ती हालत को देखते हुए पुलिस उसे सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल लेकर पहुंची जहां उसे उपचार के लिए भर्ती कर लिया गया उपचार के दौरान हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सफदरजंग अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने तनवीर को मृत घोषित कर दिया। तनवीर की मौत की सूचना मिलने पर थाना सेक्टर 39 पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर परिजनों को हादसे की सूचना दी है।

नोएडा जोन के डीसीपी विद्यासागर मिश्र का कहना है कि मौत के कारणों का पता लगवाने के लिए (शेष पृष्ठ-4 पर)

कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा प्रत्याशी का प्रचार

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा में महाराणा प्रताप मंडल में मोरना गांव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के पक्ष में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रचार किया तथा घर-घर जाकर वोट मांगे। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री तथा जिला महामंत्री डिम्पल आनंद, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड, जिलामंत्री मनोज चौहान, भूपेश चौधरी, एसपी चमोली, जीतेन्द्र शर्मा, गीता चौपड़ा, संजय, ओमपाल राणा, मंजू शर्मा समेत कई कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी मौजूद थे।

फार्म हाउस में अवैध रूप से हो रही थी शराब पार्टी

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-135 स्थित फार्म हाउस में आयोजित समारोह में अवैध रूप से शराब पिलाई जाने की सूचना मिलने पर आबकारी विभाग ने छापा मारा। आबकारी विभाग की टीम ने शराब पिला रहे फार्म हाउस के केयरटेकर को गिरफ्तार कर लिया तथा मौके से हरियाणा की शराब में बीयर बरामद की है आरोपी के खिलाफ थाना एक्सप्रेसवे में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आबकारी विभाग के सर्कल तीन की निरीक्षक शिखा ठाकुर को सूचना मिली कि सेक्टर-135 स्थित अक्षय सदन फार्म हाउस में आयोजित एक समारोह में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है। सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने फार्म हाउस में चल रही पार्टी में छापा मारा। इस दौरान आबकारी विभाग की टीम को एक पेटी बटवाइजर मैग्नम ब्रांड बियर, दो रॉयल ग्रीन व्हिस्की रेड लेबल की एक बोतल बरामद हुई। (शेष पृष्ठ-4 पर)

वांछित चोर दबोचा, चोरी की बाइक व तमंचा बरामद

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-10 के कंपनी में चोरी करने की वारदात को अंजाम देने के आरोप में वांछित चल रहे चोर को थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है इसके पास से कंपनी से चोरी की गई बाइक, तमंचा, कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस पकड़े गए बदमाश के दो साथियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

थाना प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। सेक्टर- 11 डब्लू ब्लाक के पास मुखबिर ने सूचना दी कि चोरी के मामले में वांछित बदमाश सेक्टर 11 धवलगिरी के पास खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस बताए गए स्थान पर पहुंची तो बाइक पर खड़े एक युवक ने भागने का प्रयास

किया। पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुई पूछताछ में पकड़े गए बदमाश अपना नाम करण कुमार पुत्र शिव कुमार हाल पता बसबली मार्केट सेक्टर-8 बताया। करण कुमार ने बताया कि उसने अपने साथी गौरव कुमार व विजय के साथ मिलकर 17 मार्च को सेक्टर-10 स्थित एमपी इंजीनियरिंग कंपनी में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था (शेष पृष्ठ-4 पर)

ओवरटेक को लेकर कार सवार युवाओं को टोकना दंपत्ति को पड़ा महंगा

नोएडा (चेतना मंच)। थाना फेस-1 क्षेत्र में सेक्टर-3 के पास गलत तरीके से ओवरटेकिंग कर रहे कार सवार युवकों को टोकना एक दंपति को खासा महंगा पड़ा। कार सवार दो युवकों ने दंपति के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाना फेस वन में कार सवार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-30 डी ब्लॉक निवासी संतोष कुमार राम ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 15 मार्च की शाम को वह अपनी पत्नी के साथ रजनीगंधा से होते हुए सेक्टर-22 में अपनी कार में तेल भरवाने के लिए जा रहे थे। उनकी कार जैसे ही सेक्टर-3 की रेड लाइट के पास पहुंची तो पीछे से तेज गति में आ रही कार ने उन्हें खतरनाक तरीके से ओवरटेक किया। उन्होंने जब कार को रुकवाकर चालक से सही तरीके से कार चलाने को कहा तो वह आग बबूला हो गया।

कार चालक व उसके साथी ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उनकी पत्नी ने जब बीच बचाव किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मारपीट के दौरान दोनों एक-दूसरे को दीपक व बेबो के नाम से संबोधित कर रहे थे। मारपीट करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर होंगे पुरस्कृत तो लापरवाहों पर होगी कठोर कार्यवाही : एसपी सिंह

- **नालियों से सिल्ट निकालकर उसी दिन डंपिंग ग्राउंड पहुंचाएं : आर.के. शर्मा**

नोएडा (चेतना मंच)। सभी सफाई सुपरवाइजर नालियों से निकली सिल्ट को उसी दिन सेक्टर-145 स्थित डंपिंग ग्राउंड में भेजनी होगी। सोशल मीडिया पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण प्रतिदिन करना होगा। यह निर्देश दिये जनस्वास्थ्य-द्वितीय के परियोजना अभियंता आर.के. शर्मा ने।

उन्होंने कहा कि मार्किट एवं वेंडर जोन में सभी दुकानदारों/ठेले वालों को दो डस्टबिन रखने हेतु निर्देशित /जागरूक करे। जो वेंडर हरा/नीला डस्टबिन का प्रयोग नही करेंगे उनका सर्वे कराकर उनके विरुद्ध पेनल्टी (शेष पृष्ठ-4 पर)

सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा

फ़ोन .08750611103

हिंसक भीड़

आज एक ऐसा मुद्दा उठा रहे हैं, जो हमारे शिक्षण-संस्थानों के भीतर हिंसक भीड़ और उनके हमलों से जुड़ा है। यह भीड़ हमारी संस्कृति और हमारे मूल्यों से जुड़ी नहीं है, बल्कि एक देश के तौर पर हमें कलंकित करती है। जब मामला विदेशी छात्रों पर हिंसक हमले का सामने आता है, तब हमारे चिंता और सरोकार बढ़ जाते हैं। चूंकि दुनिया एक कुटुम्ब की तरह, आपस में अंतरंग रूप से, जुड़ रही है, लिहाजा यह उच्च शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों की बुनियादी जिम्मेदारी बन जाती है कि वे अधिक शांतिपूर्ण, सहिष्णु, समावेशी, सुरक्षित और स्थिर समाज के कारक और प्रोत्साहक बनें। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) का सिद्धांत और ब्रह्मवाक्य भी है। बीते शनिवार को गुजरात यूनिवर्सिटी के अहमदाबाद परिसर में एक भीड़ ने 5 विदेशी छात्रों पर तब हमला किया, जब वे रमजान के पाक महीने में नमाज पढ़ रहे थे। ऐसे हमले हमारी शिक्षा नीति के सिद्धांत, उसकी प्रतिबद्धता और आश्वासन को खंडित करते हैं। वीडियो में करीब 25 युवा छात्र विदेशी छात्रों पर हमले करते दिख रहे थे। श्रीलंका, अफगानिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के 1-1 घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। यकीनन यह आपराधिक घटना थी और विश्वविद्यालय के परिसर में कानून-व्यवस्था का सरासर उल्लंघन किया गया। फिर भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने कानून को हाथ में लेकर लीपापोती की कोशिश की। हालांकि दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने सिर्फ यह बयान दिया कि वह गुजरात सरकार के संपर्क में है। वह और कर भी क्या सकता था? दूसरी आश्चर्यजनक प्रतिक्रिया यह सामने आई कि हिंसक हमले के पीड़ितों को ही 'दोषी' करार देने की कोशिश की गई। मुद्दा यह है कि ऐसा हमला विदेश में भारतीय छात्रों के साथ भी हो सकता था। ऐसी घटनाएं होती भी रही हैं। तब हम कैसा महसूस करते हैं? हम तसल्ली देते रहे हैं कि ऐसी घटनाएं परंपरा और सिलसिलेवार नहीं हैं। ये अपवाद के तौर पर होती हैं। बेशक ये कानून का कठोर उल्लंघन हैं। ऐसी ही तसल्ली हमें विदेशी छात्रों को देनी चाहिए। हालांकि हमले के तुरंत बाद कुलपति नीरजा गुप्ता ने विदेशी छात्रों को आश्वस्त किया कि वह उन्हें एक अलग होस्टल में शिफ्ट कर देंगी। विदेशी छात्रों की सुरक्षा के लिए यह बेहद जरूरी है। यह भी कोई सौहार्द का कदम नहीं है। छात्रों को आपस में घुल-मिल कर रहना और पढना सीखना चाहिए, लेकिन कुलपति ने यह आत्ममंथन नहीं किया कि विदेशी छात्रों पर हमले क्यों और कैसे किए गए? विदेशी छात्र कोई भी हों, उन्हें सांस्कृतिक तौर पर संवेदनशील होना ही चाहिए। इस घटना ने साबित कर दिया है कि हमें अब भी सांस्कृतिक अनुकूलन की जरूरत है। क्या यह दायित्व विदेशी छात्रों का है? हमारे संविधान में धार्मिक आजादी का मौलिक अधिकार बहुत महत्वपूर्ण है, लिहाजा नमाज पढने वालों की स्वतंत्रता और गरिमा का भी सम्मान किया जाना चाहिए था। सवाल तो यह भी है कि विश्वविद्यालय परिसर में भीड़ कहां से आई, हथियार कहां से आए? यदि भीड़ वाले भी वहीं के छात्र थे, तो उन पर क्या कार्रवाई की गई? भीड़ घटनास्थल से आराम से चली कैसे गई? भारत के बहुत कम विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर 'सर्वश्रेष्ठ' आंके गए हैं। कमोबेश गुजरात यूनिवर्सिटी उनमें से एक नहीं है। सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय वही हो सकते हैं, जो विचारों की स्वतंत्रता और बहस की आजादी पर आधारित शिक्षा परोसने की बात करते हैं और उन कसौटियों पर खरे भी उतरते हैं। भीड़ और उसकी हिंसा विचारों की अभिव्यक्ति और उसके विस्तार में विश्वविद्यालय के विचार को ही खत्म कर देती है। यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सार्थक साबित करना है, तो हमें अपने व्यवहार, मुक्ति, जिम्मेदारी, बहुवाद, समानता और न्याय के भावों को सुनिश्चित करना होगा। करीब 50,000 विदेशी छात्र भारत में पढ़ रहे हैं। 'विकसित भारत' का सपना साकार करना है, तो हमें आर्थिक तौर पर ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आधार पर भी बदलना होगा।

क्या मोदी के सकारात्मक प्रचार को मिलेगी जीत?

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक-झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए।

इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द-गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं- आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं।

इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मर्यादाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुन: प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार,

इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा।

राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गड़ाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं।

मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा।

विपक्षी दलों ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को इन विपक्षी दलों ने उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक चुनावों का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि सभी विपक्षी दलों ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच उन्हें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो? आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों के पास नहीं है। महाभारत युद्ध में भी तो ऐसा ही परिदृश्य था। कौरवों की तरफ से सेनापति की बागडोर आचार्य द्रोण ने संभाल ली थी।

एक दिन दुर्योधन आचार्य पर बड़े क्रोधित होकर बोले-''गुरुवर कहां गया आपका शौर्य और तेज? अर्जुन तो हमें लगता है समूल नष्ट कर देगा। आप के तीरों में जंग क्यों लग गई। बात क्या है?'' आज लगभग हर राजनीतिक दल और उनके नेतृत्व के सम्मुख यही प्रश्न खड़ा है और इस प्रश्न का उत्तर भी और कहीं नहीं, उन्हीं के पास है। राजनीति की दूषित हवाओं ने हर राजनीतिक दल और उसकी चेतना को दूषित कर दिया है। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसकी वजह से लोगों में विपक्षी दलों के प्रति विश्वास इस कदर उठ गया है कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सच्चाई की साक्षी ढूंढ़ती हैं। यही कारण है कि दुर्योधन की बात पर आचार्य द्रोण को कहना पड़ा, ''दुर्योधन मेरी बात ध्यान से सुनो। हमारा जीवन इधर ऐश्वर्य में गुजरा है। मैंने गुरुकुल के चलते स्वयं 'गुरु' की मर्यादा का हनन किया है। हम सब राग रंग में व्यस्त रहे हैं। सुविधाभोगी हो गए हैं, पर अर्जुन के साथ वह बात नहीं। उसे लाक्षागृह में जलना पड़ा है, उसकी आंखों के सामने द्रौपदी को नग्न करने का दु:साहस किया गया है, उसे दर-दर भटकना पड़ा है, उसके बेटे को सारे महारथियों ने घेर कर मार डाला है, विराट नगर में उसे नपुंसकों की तरह दिन गुजारने को मजबूर होना पड़ा। अत: उसके वाणों में तेज होगा कि तुम्हारे वाणों में, यह निर्णय तुम स्वयं कर लो। लगभग यही स्थिति आज के राजनीतिक दलों के सम्मुख खड़ी है। किसी भी राजनीतिक दल के पास आदर्श चेहरा नहीं है, कोई पवित्र एजेंडा नहीं है, किसी के पास बांटने को रोशनी के टुकड़े नहीं हैं, जो नया आलोक दे सकें। जो मोदी रूपी अर्जुन के देश-विकास के बाणों का मुकाबला कर सके।

यह वक्त विपक्षी दलों और उनके उम्मीदवारों को कोसने की बजाय मतदाताओं के जागने का है। आज मतदाता विवेक से कम, सहज वृति से ज्यादा परिचालित हो रहा है। इसका अभिप्राय: यह है कि मतदाता को लोकतंत्र का प्रशिक्षण बिल्कुल नहीं हुआ। सबसे बड़ी जरूरत है कि मतदाता जागे, उसे लोकतंत्र का प्रशिक्षण मिले। हमें किसी पार्टी विशेष का विकल्प नहीं खोजना है। किसी व्यक्ति विशेष का भी विकल्प नहीं खोजना है। विकल्प तो खोजना है भ्रष्टाचार का, अकुशलता का, प्रदूषण का, भीड़तंत्र का, गरीबी के सन्नाटे का, महंगाई का, राजनीतिक अपराधों का। यह सब लम्बे समय तक त्याग, परिश्रम और संघर्ष से ही सम्भव है। धृतराष्ट्र रूपी दलों की आंखों में झांक कर देखने का प्रयास करेंगे तो वहां शून्य के सिवा कुछ भी नजर नहीं आयेगा। इसलिए हे मतदाता प्रभु! जागो! ऐसी रोशनी का अवतरण करो, जो दुर्योधनों के दुष्टों को नंगा करें और अर्जुन के नेक इरादों से जन-जन को प्रेरित करें।

-ललित गर्ग

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे पक्षीराज गरुड़जी! सुनिए, ऐसी बात समझकर बुद्धिमान, लोग अधम (नीच) का संग नहीं करते। कवि और पंडित ऐसी नीति कहते हैं कि दुष्ट से न कलह ही अच्छा है, न प्रेम ही॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

उदासीन नित रहिअ गोसाईं। खल परिहरिअ स्वान की नाईं॥
मैं खल हृदयँ कपट कुटिलाई। गुर हित कहइ न मोहि सोहाई॥

हे गोसाईं! उससे तो सदा उदासीन ही रहना चाहिए। दुष्ट को कुत्ते की तरह दूर से ही त्याग देना चाहिए। मैं दुष्ट था, हृदय में कपट और कुटिलता भरी थी, (इसलिए यद्यपि) गुरुजी हित की बात कहते थे, पर मुझे वह सुहाती न थी॥

दो0-एक बार हर मंदिर जपत रहेउँ सिव नाम।
गुर आयउ अभिमान तें उठि नहिं कीन्ह प्रनाम॥

एक दिन मैं शिवजी के मंदिर में शिवनाम जप रहा था। उसी समय गुरुजी वहाँ आए, पर अभिमान के मारे मैंने उठकर उनको प्रणाम नहीं किया॥

सो दयाल नहिं कहेउ कछु उर न रोष लवलेस।
अति अघ गुर अपमानता सहि नहिं सके महेस॥

गुरुजी दयालु थे, (मेरा दोष देखकर भी) उन्होंने कुछ नहीं कहा, उनके हृदय में लेशमात्र भी क्रोध नहीं हुआ। पर गुरु का अपमान बहुत बड़ा पाप है, अत: महादेवजी उसे नहीं सह सके॥

मंदिर माझ भई नभबानी। रे हतभाग्य अग्य अभिमानी॥
जद्यपि तव गुर के नहिं क्रोधा। अति कृपाल चित सम्यक बोधा

मंदिर में आकाशवाणी हुई कि अरे हतभाग्य! मूर्ख! अभिमानी! यद्यपि तेरे गुरु को क्रोध नहीं है, वे अत्यंत कृपालु चित्त के हैं और उन्हें (पूर्ण तथा) यथार्थ ज्ञान है,॥

तदपि साप सठ दैहउँ तोही। नीति बिरोध सोहाइ न मोही॥
जौं नहिं दंड करौं खल तोरा। भ्रष्ट होइ श्रुतिमारग मोरा॥

तो भी हे मूर्ख! तुझको मैं शाप दूँगा, (क्योंकि) नीति का विरोध मुझे अच्छा नहीं लगता। अरे दुष्ट! यदि मैं तुझे दण्ड न दूँ, तो मेरा वेदमार्ग ही भ्रष्ट हो जाए॥

क्रमश:

उत्तर प्रदेश की राजनीति में 'फरसा' फिर से तैयार है

उत्तर प्रदेश को देश की राजनीति का केंद्र बिंदु माना जाता है। यहाँ की सियासत का सीधा असर केंद्र में देखने को मिलता है। गौरतलाब बात ये है कि देश को प्रभावित करने वाली उत्तर प्रदेश कि राजनीति में में ब्राह्मण वोटर्स की संख्या भले ही तकरीबन 12 फीसदी है लेकिन यह वर्ग प्रदेश की राजनीति को जबरदस्त प्रभावित करने की क्षमता रखता है। विधानसभा में करीब 115 सीटें ऐसी हैं, जिनमें ब्राह्मण मतदाताओं का अच्छा प्रभाव है। आश्चर्यजनक बात ये रही कि ऐसे समय जब लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान हो चुका है उस समय भी उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों के मिज़ाज और समीकरण पर कोई बात नहीं हो रही थी। एक तरफ जहाँ भाजपा और इंडी गठबंधन दोनों में ओबीसी वोट की लड़ाई दिख रही थी तो दूसरी तरफ मायावती डीएम यानी दलित मुस्लिम समीकरण के भरोसे ही हैं। ऐसा उस राज्य में हो रहा है जहां 6 बार ब्राह्मण मुख्यमंत्री रहे हैं और 2022 के विधान सभा चुनाव में 52 ब्राह्मण विधायक बने थे।

देखा जाए तो मंडल कमीशन के बाद से यूपी में दलित-ओबीसी राजनीति ने जोर पकड़ा और उसके बाद से अब तक कोई ब्राह्मण सीएम नहीं बन पाया लेकिन मतदाता के तौर पर इस जाति ने 90 के दशक के दौरान शुरुआती झटकों से उबरते हुए पुराना रसूख फिर से हासिल कर लिया है। यही कारण है कि मनुवाद का सीधा विरोध करने और मंडल कमीशन के बाद बदले सियासी माहौल में सत्ता पर काबिज होने वाली सपा और बसपा भी बाद में ब्राह्मण वोट बैंक को आकर्षित करने की रणनीति बनाने लगे।

ब्राह्मण राजनीति का शोर नेपथ्य में जा ही रहा था कि इसी बीच उत्तर प्रदेश सरकार में

देखा जाए तो मंडल कमीशन के बाद से यूपी में दलित-ओबीसी राजनीति ने जोर पकड़ा और उसके बाद से अब तक कोई ब्राह्मण सीएम नहीं बन पाया लेकिन मतदाता के तौर पर इस जाति ने 90 के दशक के दौरान शुरुआती झटकों से उबरते हुए पुराना रसूख फिर से हासिल कर लिया है।

लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने एक बार फिर ब्राह्मण स्वाभिमान और सम्मान को चर्चाओं में ला दिया है। शाहजहांपुर के जलालाबाद में भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माला पहनाते हुए उन्होंने एक तस्वीर एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जनता की आस्था का सम्मान करते हुए भगवान परशुराम की जन्मस्थली जलालाबाद के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए सरकार ने वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है।

सियासत में कम शब्दों में संदेश कह देने की कला महत्वपूर्ण होती है और इसीलिए जो इसमें माहिर है वह राजनीति के दांव पेंच में भी माहिर माना जाता है। ब्राह्मण स्वाभिमान के मुद्दे पर जितिन प्रसाद पिछले कुछ सालों में बेहद मुखर रहे, इन्होंने ब्राह्मणों के लिए संगठन बनाया और पूरे प्रदेश में घूम घूम कर ब्राह्मणों को एकजुट करने का अभियान चलाया। जितिन प्रसाद जब भाजपा में आए तब भी ये बात उठी थी कि जिस प्रकार ब्राह्मणों की नाराजगी को जितिन प्रसाद ने राष्ट्रीय मुद्दा बना दिया था वो उनके भाजपा में शामिल होने के बाद राजनीतिक रुप से भाजपा के पक्ष में हो गई है। जितिन आज जिस कुर्सी पर हैं उस पर कभी नसीमुद्दीन सिद्दीकी और शिवपाल सिंह यादव जैसे दिग्गज रहे हैं। दोनों अपने अपने दलों में तो मजबूत रहे ही साथ ही अपनी जाति के लोगों के बीच नायक वाली छवि के साथ रहे और अब शायद जितिन भी धीरे धीरे उत्तर प्रदेश के ब्राह्मण समाज के बीच लगातार जाकर खुद को उसी नायक के रुप में स्थापित कर रहे हैं।

ऐसे समय जब प्रबुद्ध सभा के सम्मेलनों तक की चर्चा नहीं हो रही थी उस वक्त भगवान परशुराम की प्रतिमा के साथ जतिन प्रसाद की तस्वीर ने उत्तर प्रदेश में तमाम नेताओं को असमंजस में डाल दिया है। यह देखना अब दिलचस्प रहेगा कि ब्राह्मण वोट किस प्रकार चुनावी समीकरण को प्रभावित करते हैं या सिर्फ कुछ जिलों तक ही यह प्रभाव सिमट कर रह जाएगा। परिणाम जो भी हो परंतु यदि जितिन अपनी पूरी ताकत से ब्राह्मण वर्ग को साथ लाने में प्रयासरत हो जाएंगे तो उत्तरप्रदेश में इस बार का चुनाव वाकई इतिहास रचने वाला होगा।

- डॉ. ऋतु दुबे तिवारी
गाजियाबाद

राशिफल

फाल्गुन कृष्ण पक्ष : एकादशी (विक्रम संवत् 2080)

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में लाभ होगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
कोई रिस्क मत लीजिएगा, परेशानी वाला समय है। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड, छ, के, हो, हा)
स्वास्थ्य में सुधार। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम बना रहेगा। प्रेमस संतान की स्थिति बहुत अच्छी है।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
मन परेशान रहेगा। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं की स्थिति है। बच्चों की सेहत को लेकर भी मन परेशान रहेगा।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी होगी। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि संभव है, लेकिन गृह-कलह भी संभव है।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
धन आगमन होगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। निवेश करने से बचें और जुबान पर नियंत्रण रखें। बाकी स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार अच्छा है।



धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार रहेगा। प्रेम,संतान का साथ होगा।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मन थोड़ा परेशानी में रहेगा। अज्ञात भय सताएगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
आय में आशातीत बढ़ोतरी। यात्रा में लाभ। शुभ समाचार की प्राप्ति। स्वास्थ्य और प्रेम का साथ। व्यापार भी बहुत अच्छा।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम चल रहा है। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। बच्चे तरक्की करेंगे।

भाजपा समन्वय समिति की बैठक हुई

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। कैलाश अस्पताल के सभागार में भाजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी की अध्यक्षता में सहयोगी दलों के साथ समन्वय बैठक हुई। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रीय लोकदल सुहेलदेव समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं से समन्वय में बनाकर चलें सभी का सम्मान करें सभी को साथ लेकर डोर टू डोर प्रचार करें और मोदी के लक्ष्य 400 के पार करें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने कहा कि पार्टी एवं सहयोगी दलों के कार्यकर्ता मिलकर चुनाव में काम करेंगे और भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा को अत्यधिक वोटो से विजय बनाएंगे। कार्यक्रम का संचालन लोकसभा संयोजक परनीतभाटी ने किया कार्यक्रम में एमएलसी विधायक श्री चंद शर्मा, विधायक तेजपाल नागर, राष्ट्रीय लोक दल जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी, अजित दौला, सुहेलदेव समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव बल्ले चौधरी, इंद्रवीर भाटी, भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी रवि जिंदल, एडवोकेट प्रियंका अत्री, हेमा पाठक, दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, धर्मेंद्र करी, सेवानंद शर्मा, सुनील राम, सुरेश शर्मा, विजेंद्र नागर, हरिश्चंद्र भाटी, जग भूषण गर्ग, मनीष भाटी, बीडीसी राकेश राणा आदि मौजूद रहे।

सपाइयों ने चुनाव की तैयारी को लेकर की बैठक

दादरी (चेतना मंच)। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक बैठक कल सूरजपुर स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्षता सुधीर भाटी एवं संचालन जिला महासचिव ने किया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर ने कहा कि चुनाव के समय लोकलुभावन वायदे करने वाली भाजपा ने देश के विकास के लिए कुछ नहीं किया है। मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी ने आम जनता का दम निकाल के रख दिया है। भाजपा सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए तरह-तरह की प्रोपगेंडा अपना रही है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है, समाजवादी पार्टी विकास करने में विश्वास करती है। जबकि भाजपा अपने राजनीतिक हित के लिए जनता को जाति और संप्रदाय में बात कर आपसी भाईचारे को खत्म कर रही है। इस मौके पर मुख्य रूप से राजकुमार भाटी, वीर सिंह यादव, गजराज नागर इंदर प्रधान, आदि लोग मौजूद रहे।

दर्जनों लोगों ने ली भाकियू की सदस्यता

नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय किसान यूनियन मंच के संगठन का विस्तार कर कर्मठ लोगों को अहम जिम्मेदारी दी गई है। मंच की कार्यशैली से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग इससे जुड़ रहे हैं और भारतीय किसान परिषद संगठन के दर्जनों लोगों ने भी मंच की सदस्यता ग्रहण की है। यह जानकारी भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

सेक्टर-29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि संगठन के विस्तार के क्रम में बिल्लू प्रधान सुनपुरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व राजस्थान प्रभारी, मनमिंदर भाटी शोराज को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष, बबली शर्मा रायपुर को महिला उत्तर प्रदेश अध्यक्ष, मोहित राणा खगोड़ा को जिला अध्यक्ष गौतम बुध नगर, सत्येंद्र शर्मा सलारपुर को एनटीपीसी दादरी अध्यक्ष, अजब सिंह भाटी को एनटीपीसी महासचिव, हरीश खारी तिलपता को प्रदेश सचिव, अमित खारी तिलपाता को प्रदेश उपाध्यक्ष, यशपाल सिसोदिया को एनटीपीसी मीडिया प्रभारी, अमित बैसोया को राष्ट्रीय सह सचिव, मोहित कुटियाल को सचिव यूथ विंग बनाया गया।

भारतीय किसान यूनियन मंच के प्रवक्ता अशोक चौहान ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन मंच की कार्यशैली और ईमानदारी को देखते हुए भारतीय किसान परिषद को छोड़कर कई लोग भारतीय किसान यूनियन मंच में शामिल हुए हैं।

विजय नागर भाजपा में हुए शामिल

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। अस्पताल के कैलाश सभागार में समाजवादी पार्टी के जिला सचिव विजय नागर ने पुन: भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की उनके साथ सैकड़ो समर्थकों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा पार्टी ज्वाइन करने वालों में सुशील प्रधान, अशोक यादव, फिरोज भाटी, यशपाल प्रधान, रवि जिंदल मौजूद रहे।

'विज्ञान और प्रौद्योगिकी का मिश्रण ला रहा क्रांति'

एमिटी में न्यूरोबिहेवियरल पर कार्यशाला

नोएडा (चेतना मंच)। एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ न्यूरोसाइकोलॉजी एंड न्यूरोसांइसेस द्वारा '' कशेरूकी और अकशेरूकी प्रयोगशाला मॉडल जीवों का उपयोग करके न्यूरोव्यवहार अध्ययन ''विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न संस्थानों से 24 शोधार्थियों ने हिस्सा लिया जिन्हे विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जायेगी।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के न्यूरोसर्जरी के प्रोफेसर डा शंशाक शरद काले ने ''मस्तिष्क में घाव के प्रभाव और प्रबंधन में नया विकास'' पर संबोधित करते हुए कहा कि मस्तिष्क टयूमर, अपक्षयर मस्तिष्क रोग जैसे पार्किसंस, दौरे और मिग्री, संवहनी घाव, मस्तिष्क की चोटें, संक्रमण, पक्षाघात और आदि मस्तिष्क घाव के प्रकार है। उन्होनें कहा कि न्यूरोसर्जरी में नई मशीनों से बृहद परिवर्तन आया है। उन्होनें इन्ट्राआपरेटिव एमआरआई गाइडेड नैविगेशन, इन्ट्राआपरेटिव वैलिडेशन यूएसजी, न्यूरोनैविगेशन, एंडवास स्टीरियोटैक्टीक बायोप्सी टूल्स, इन्ट्राआपरेटिव न्यूरोमॉनिटरिंग, प्रिआपरेटिव स्पीच एंड मोटर मैपिंग, मोटर स्पीच एरिया सहित डीआरई के प्रभाव, असाध्य मिग्री के कारण, सर्जरी के विभिन्न प्रकार, गामा नाइफ रेडियोसर्जरी के बारे में बताया।

एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. अशोक कुमार चौहान ने अतिथियों और प्रतिभागीयों को संबोधित करते हुए कहा कि कई क्षेत्र मे हो रहे विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का मिश्रण नई क्रांति ला रहा है। आज हमारा देश आप जैसे शोधार्थियों और वैज्ञानिक की बदौलत मेडिकल के क्षेत्र में अग्रणी पायदान पर है। भारत सरकार के विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग के सांइस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड के नेशनल साइंस चेयर प्रो सुब्रत सिन्हा, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, कार्यशाला में एमिटी साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन के अध्यक्ष डा डब्लू सेल्वामूती ने भी अपने विचार रखे।

पांच लाख से अधिक मतों से जीतेंगे डा. महेश शर्मा : खारी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा को चौथी बार प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। डॉ महेश शर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा नेता सुनील खारी ने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा जन जन के नेता हैं और उन्होने अपने कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र का जो विकास का काम करवाया है। वह धरातल पर है।

उन्होंने दावा किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में डॉक्टर महेश शर्मा पांच लाख से अधिक मतों से विजय हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता डॉ महेश शर्मा को चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। उन्होंने ने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा लोकप्रिय भाजपा नेता के साथ-साथ लोगों की समस्याओं का निदान करने वाले भी नेता हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा कभी भी विकास को अनदेखा नहीं किया।

श्री खारी ने कहा कि विकास पर यदि एक नजर डाली जाए तो यह स्पष्ट होता है कि डॉक्टर महेश शर्मा अपने निधि से जो विकास का काम करवाया है वह स्वागत के योग्य है। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक बार डॉक्टर महेश शर्मा पर भरोसा जताकर यह साबित कर दिया है कि विकास करने वाले नेता को ही मौका मिलना चाहिए।

एसजीआई ने किया ग्रेजुएशन 2024 समारोह की आयोजन

नोएडा (चेतना मंच)। सत्यम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने अपने वार्षिक दीक्षांत समारोह की सफलतापूर्वक मेजबानी की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि प्रो. शशिकला वंजारी, कुलपति एनआईईपीए, राष्ट्रीय शिक्षा योजना एवं प्रशासन संस्थान द्वारा एसजीआई अध्यक्ष स्नेह सिंह, सचिव सीए प्रदीप गुप्ता, एससीई प्रिंसिपल डॉ. बिनीता अग्रवाल, एसएफआई प्रिंसिपल डॉ. वंदना जागलान, वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीतू मल्होत्रा, सुश्री नेहा अग्रवाल, एससीई एचओडी प्रीति गोयल, एसजेएमसी डीन डॉ. एम. आलम, एचओडी प्रियंका सरकार और सभी विभागों के सदस्य की उपस्थिति में छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। संस्थान के ग्रेजुएशन समारोह 2024 में 2023 बैच के लिए कुल 154 डिग्रियां प्रदान की गईं।

प्रिंसिपल डॉ. बिनीता अग्रवाल, एससीई, और डॉ. वंदना जागलान, एसएफआई ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें पूरे वर्ष की संस्था की उपलब्धियों को दर्शाया गया। इसके बाद, एसएफआई की वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीतू मल्होत्रा और आईक्यूएसी सेल समन्वयक प्रीति गोयल ने सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों पर प्रकाश डाला और अपना धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले शहदरा में चल रहा अनिश्चित कालीन धरना आज 35वें दिन भी जारी रहा।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.:15320232024 दिनांक : 11.03.2024

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 12.04.2024 को 13.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र. सं.	निविदा नं.	कार्यो का विवरण	अनुमानित मूल्य (रु.)
1.	400	वरिष्ठ मण्डल इन्जीनियर/प्रथम/प्रयागराज के सेक्शन में 60 केजी, 52 केजी, और आर 260 वेल्डिंग पोर्शन एवं वेल्डिंग उपकरणों के आपूर्ति का कार्य ।	15969614.72
2.	401	वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/प्रथम/उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज के क्षेत्र में सुरक्षात्मक चेतावनी प्रणाली (रक्षक) की आपूर्ति स्थापना ओर कमीशिनिंग का	21277760.00
3.	402	वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/प्रथम/उत्तर मध्य रेलवे/ प्रयागराज के सम्भाग में माइक्रो टनलिग सिस्टम द्वारा छिवकी यार्ड में किमी 816/17-19 में ब्रिज न० 25 के पुर्ननिर्माण का कार्य का प्रवधान।	53634415.29
4.	403	सहायक मण्डल इंजीनियर/उत्तर मध्य रेलवे/नैनी, मिर्जापुर एवं चुनार के अर्न्तगत वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/कार्य/मानिकपुर, मिर्जापुर तथा चुनार के सम्भाग में दो वर्षो के लिए सेप्टिक टैंक, कॉलोनी के ड्रेन/नालो की सफाई का कार्य ।	6370614.20

बयाने की रकम (रु.) : क्र.सं. : 1 के लिये : 229900.00, **क्र.सं. : 2 के लिये** : 256400.00, **क्र.सं. : 3 के लिये** : 418200.00, **क्र.सं. : 4 के लिये** : 127400.00, **कार्य समापन की अवधि क्र.सं. 1 व 2 के लिये** : 12 माह। **क्र.सं. : 3 के लिये : 08 माह। क्र.सं. : 4 के लिये : 24 माह। निविदा खुलने की तिथि : सभी : क्र.सं. के लिये** 12.04.2024, **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार : क्र.सं. : 1 के लिये** : थर्मेट वेल्डिंग **क्र. सं. : 2. के लिये** : कोई भी वीएचएफ आधारित संचार कार्य, **क्र. सं. : 3 के लिये** : कन्सट्रक्शन आफ एनी ब्रिज यूजींग बाक्स/पाइप पुर्शीग टेक्निक **क्र. सं. : 4. के लिये** : नालियों/सीवरों की मैनुअल/मशीनीकृत साधनों द्वारा सफाई। **नोट:** 1. आनलाइन निविदा निविदा खुलने की तिथि को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि तक उपलब्ध है।

464/24(D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.: 15620232024 दिनांक : 14.03.2024

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदांए प्रपत्र पर दिनांक 24.04.2024 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्नप्रकार हैं-

निविदा-412 **कार्यों का विवरण** : संयुक्त निविदा (ए), वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/प्रयागराज के अन्तर्गत रूरा-टूण्डला सेक्शन में टर्नआउट स्लीपर नवीनीकरण (ब) सहायक मण्डल इंजीनियर/इटावा के अन्तर्गत इटावा में एन0आई0 का कार्य। (ग) सहायक मण्डल अभियंता/फिरोजाबाद के तहत सी0 टी0 आर0(एस) का कार्य।

अनुमानित मूल्य (रू): 18297958.08, अग्रिम धनराशि मूल्य (रू): 241500.00, कार्य समापन की अवधि : 12 माह। **निविदा खुलने की तिथि : 24.04.2024, पात्रता मापदंड के अर्न्तगत समकक्ष कार्य** : पी0वे0 का कार्य। **नोट- 1.** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की तिथि दिनांक 24.04.2024 तक उपलब्ध है (निविदा निर्धारित खुलने की तिथि पर 15:00 बजे या उसके बाद खुलेगी। **2.** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरे केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म। लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं, तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेग। **4.** सभी निविदादाता निविदा संख्या 412 जिसमें निविदा का मूल्य रू0 50 लाख से ज्यादा है के लिए Annexure-V & V (A) (Document Verification Certification) की आवश्यकता है। माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। **5.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिये। **6.** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। **7.** निविदा प्रपत्र की धरोहर राशि Online Internet Banking के Payment Gateway या Bank Guarantee Bond के द्वारा निविदा प्रपत्र के पैरा 12.0 के अनुसार जमा की जायेगी। **8.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **9.** आनलाइन निविदा दिनांक 24.04.2024 को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **10.** निविदा प्रपत्र में दिये गये अन्य निर्देशों के साथ-साथ, निविदा दाता निविदा के साथ जमा किये जाने वाले प्रपत्रों हेतु निविदा प्रपत्र के पैरा 12.0 बयाने की राशि (Bid Security Deposit) पर विशेष ध्यान दें। **11.** ई-टेण्डर फार्म सभी निविदाकारों का मुफ्त जारी किए जाएंगे। **12.** निविदा संख्या 412 के लिए निविदा दाता को जी.सी.सी.-2022 (वर्क्स मामले भाग-1) के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी।

496/24 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

गोदाम संचालक की मौत

नोएडा (चेतना मंच)। होशियापुर गांव में स्थित एक केला गोदाम के संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। मूल रूप से उन्नाव निवासी राम प्रसाद पुत्र रामलाल होशियापुर गांव में अपने परिजनों के साथ रह रहे हैं। उनका होशियापुर गांव में केले का गोदाम है। मंगलवार को वह अचानक बेसुध होकर गिर गए इसके बाद परिजन उन्हें उपचार के लिए सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-49 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

नशे में नाले में गिरकर मरा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के नाले में शराब के नशे में गिरे व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नाले में एक व्यक्ति शराब के नशे में गिर गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त व्यक्ति को लोगों की मदद से बाहर निकाला और गंभीर स्थिति में उसे उपचार के लिए जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया। लोगों ने बताया कि उक्त व्यक्ति शराब पिए हुए था। संतुलन बिगड़ने के कारण वह गहरे नाले में जा गिरा। थाना प्रभारी ने बताया कि अस्पताल में उपचार के दौरान उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। काफी प्रयासों के बावजूद भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

वकील हड़ताल पर, डीसीपी का घेराव किया

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर जिला न्यायालय के वकील हड़ताल पर चले गए हैं। आज वकील नॉलेज पार्क डीसीपी ऑफिस पहुंचे और डीसीपी से मुलाकात की। अदित्य भाटी एडवोकेट ने बताया कि साथी अधिवक्ता मलूक भाटी निवासी पी 4 के पिता के खिलाफ फर्जी मुकदमा बीटा-2 थाने में पंजीकृत कर उनको परेशान किया जा रहा था जिसका आज जनपद दीवानी एवम फौजदारी बार एसोसिएशन ने निंदा करते हुए हड़ताल की एवम डीसीपी ग्रेटर नोएडा का घेराव किया जिसपर डीसीपी ग्रे.नोएडा साद मिया खान ने आश्वस्त किया कि इस मामले की स्पष्ट जांच की जाएगी एवम वकील साहब के पिता को परेशान नहीं किया जायेगा व किसी भी अधिवक्ता के खिलाफ बिना बार एसोसिएशन की जानकारी में डाले कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी।

छात्र व युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नोएडा (चेतना मंच)। अलग-अलग स्थान पर 11वीं कक्षा के छात्र व एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के पास से ही कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच पड़ताल कर रही है।

मूल रूप से इटावा निवासी जयसिंह अपने परिजनों के साथ बहलोलपुर गांव में किराए पर रह रहे हैं। 11वीं कक्षा में पढ़ने वाला उनका बेटा सत्यम मंगलवार को घर में अकेला था। जय सिंह व उसकी पत्नी किसी काम से बाहर गए हुए थे। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो उन्हें सत्यम फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। जय सिंह ने पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से नीचे उतरा और अस्पताल ले गया जहां चिकित्सकों से मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना सेक्टर 63 पुलिस ने सबको पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है वहीं परिजन भी सत्यम द्वारा आत्महत्या किए जाने का कोई ठोस कारण नहीं बता रहे हैं।

वहीं थाना बादलपुर क्षेत्र के दुजाना गांव में रहने वाले एक युवक का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर थाना बादलपुर पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा। मृतक की पहचान कानपुर देहात निवासी (25 वर्षीय) विकास पुत्र मुलायम के रूप में हुई विकास हाल में दादी सती गेट के पास दुजाना गांव में रह रहा था।

क्रेडिट कार्ड की बिलिंग साइकिल में कर सकते हैं बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी। आप क्रेडिट कार्ड रखते हैं तो यह खबर आपके लिए फायदे वाली हो सकती है। दरअसल, केंद्रीय बैंक यानी कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने क्रेडिट कार्ड जारी करने के नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। बैंकिंग रेगुलेटर ने इस बारे में नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इस नोटिफिकेशन के मुताबिक क्रेडिट कार्ड के मौजूदा ग्राहक अपने हिसाब से बिलिंग साइकिल बिलिंग साइकिल में बदलाव कर सकते हैं।

क्रेडिट कार्ड के लिए खास नियम

क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने वालों के लिए रिजर्व बैंक एक खास नियम लेकर आया है। यह नियम बिलिंग साइकिल में बदलाव का है। नया नियम कहता है कि कार्डहोल्डर अपने हिसाब से बिलिंग साइकिल में बदलाव कर सकते हैं। इस बारे में पहले ही अधिसूचना जारी हो चुकी है। इस नियम को लागू भी कर दिया गया है।

ड्यू डेट भी बदल जाएगा

जैसे ही बिलिंग साइकिल में बदलाव कर ड्यू डेट में भी बदलाव हो सकता है। पहले यह काम आसान नहीं था। क्योंकि किसी कार्ड की बिलिंग साइकिल क्रेडिट कार्ड के इश्यू करने के वक्त ही फिक्स कर दी जाती है। उसी समय बिलिंग डेट और ड्यू डेट फिक्स होता है। यह क्रम तब तक चलता है जब तक कार्ड को कैंसिल न किया जाए। अब रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड धारकों को बिलिंग साइकिल में बदलाव करने का एक मौका दिया है।

क्या होता है बिलिंग साइकिल

क्रेडिट कार्ड बिलिंग साइकिल आपके बिलिंग स्टेटमेंट के बीच का टाइम पीरियड होता है। ये बिलिंग पीरियड एक क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंक/एनबीएफसी से दूसरे में अलग हो सकता है। इसकी अवधि 27 दिन से लेकर 31 दिन तक हो सकती है। आपके बिलिंग साइकिल के अंत में आपका स्टेटमेंट आपके क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंक द्वारा जनरेट किया जाता है। इस बिल का भुगतान करने के लिए आपके पास ड्यू डेट तक का समय मिलता है।

एक उदाहरण से समझिए

मान लें कि आपके क्रेडिट कार्ड का स्टेटमेंट हर महीने की 6 तारीख को जेनरेट किया जाता है। ऐसे में आपका क्रेडिट कार्ड बिलिंग पीरियड उस महीने की 7 तारीख से शुरू होगा और अगले महीने की 6 तारीख को समाप्त होगा। इस अवधि के दौरान आपके सभी क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन मासिक क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में दिखाई देंगे। इसमें सभी क्रेडिट कार्ड पेमेंट, कैश विड्रॉल (अगर कोई हो) और क्रेडिट कार्ड इएमआइ की जानकारी होती है। इस उदाहरण में हमने बिलिंग पीरियड को 30 दिनों का माना है, लेकिन यह कार्ड के प्रकार और आपके क्रेडिट कार्ड प्रदाता के मुताबिक अलग-अलग हो सकती है।

क्या होता है क्रेडिट कार्ड ड्यू डेट

क्रेडिट कार्ड के बिलों का भुगतान करने की अंतिम तारीख को क्रेडिट कार्ड ड्यू डेट कहा जाता है। ये ड्यू डेट आमतौर पर स्टेटमेंट की तारीख से 15 से 25 दिनों के बाद होती है। उदाहरण के तौर पर मान लीजिए कि आपका क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट हर महीने की 6 तारीख को जेनरेट होता है और आपकी ड्यू डेट उसी महीने की 26 तारीख को होती है, तो इसका सीधा-सा मतलब है कि आपको 26 तारीख तक अपने बिलों का भुगतान करना होगा और इस समय सीमा के भीतर भुगतान करने पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा।

बिलिंग साइकिल बदलवाने का क्या होगा फायदा

मान लिया जाए कि आपके क्रेडिट कार्ड का बिल हर महीने की 28 तारीख को जनरेट होता है। इसका मतलब है कि आपका ड्यू डेट या पैसे चुकाने का अंतिम दिन 16 या 17 तारीख को पड़ेगा। आपका वेतन एक तारीख को आपके बैंक अकाउंट में क्रेडिट होता है। वेतन आने के बाद खर्च तो चलता ही रहता है। कई बार ऐसा होता होगा कि महीने की 16 तारीख आते आते आपका पैसा खत्म हो जाता है। ऐसे में यदि आप अपने कार्ड का बिलिंग डेट 17 तारीख करवा लेते हैं तो आपका ड्यू डेट महीने की तीसरी या चौथी तारीख को पड़ेगा। उसी समय वेतन आता है तो आप पूरा पैसा एक बार में चुका पाएंगे। आपको कोई पेनल इंटरेस्ट या जुर्माना नहीं भरना होगा।

पथ्य 2030 कौशल लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ रही है आईएचसीएल

मुंबई, एजेंसी। भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक प्रभाव उपायों की अपनी पहल पथ्य के तहत काम करते हुए हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में वर्ष 2030 तक 1,00,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने के अपने लक्ष्य को हासिल करने की ओर कामयाबी से आगे बढ़ रही है। आईएचसीएल भारत के 15 राज्यों के 25 शहरों में 32 कौशल केन्द्रों का या तो संचालन कर रही है या फिर उनके साथ सहभागिता में है।

इस अवसर पर आईएचसीएल के कार्यकारी उपाध्यक्ष-मानव संसाधन श्री गौरव पोखरियाल ने कहा, ''हमारे संस्थापक जमशेदजी टाटा की दूरदर्शिता से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए आईएचसीएल का प्रयास ऐसी नीतियों व कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का है जिनसे एक मानवोचित एवं समावेशी समाज हेतु आवश्यक पुलों का निर्माण जारी रहे। हाशिए पर रहने वाले योग्य युवाओं को रोजगार के काबिल की राह में जो चुनौतियां उनका समाधान करने के लिए हम समर्पित हैं। इन भागीदारियों द्वारा क्षमता निर्माण से व्यापक अप्रत्यक्ष असर कायम होगा, खासकर सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों और आदिवासी समूहों के लिए।''

राज्य सरकारों, संस्थानों व निजी संगठनों के साथ साझेदारी कर के आईएचसीएल ऐसे हस्तक्षेप करती है जिनमें व्यापारिक मजबूती होती है, जिससे की वंचित वर्ग के युवाओं की रोजगार पाने की काबिलियत में इजाफा होता है। आईएचसीएल की नॉलेज पार्टनरशिप में शामिल हैं- प्रशिक्षण सामग्री, कक्षाओं की रचना पर सुझाव, फैकल्टी विकास, ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग, संयुक्त प्रमाणन तथा हमारे इंडस्ट्री नेटवर्क के जरिए अन्य सहयोग।

तेजी से बढ़ते हॉस्पिटैलिटी उद्योग में वंचित युवाओं को रोजगार हेतु कुशल बनाने के लिए आईएचसीएल पूरे भारत में कौशल केन्द्रों के साथ साझेदारी करती है और अब तक कंपनी 10,000 कुशल युवाओं में से 75 प्रतिशत युवाओं को सफलतापूर्वक रोजगार दिलवा चुकी है। ये कौशल केन्द्र चमोली, उत्तराखंड; छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश; देबारी, राजस्थान; पोंडा, गोवा; ऐरोली, महाराष्ट्र; कुकटपल्ली, आंध्र प्रदेश और एकता नगर, गुजरात जैसी जगहों पर स्थित हैं।

आइसक्रीम कारोबार को अलग करेगी दिग्गज कंपनी यूनीलिवर पीएलसी

7500 कर्मचारियों की छंटनी

नईदिल्ली, एजेंसी। ब्रिटेन की दिग्गज कंपनी-यूनीलिवर पीएलसी ने बेन एंड जेरी जैसे ब्रांड वाले अपने आइसक्रीम कारोबार को अलग करने की योजना बनाई है। कंपनी ने कहा कि इसके लिए कई विकल्पों पर विचार किया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि कंपनी डीमर्जर के जरिए नए कारोबार की लिस्टिंग योजना पर विचार कर सकती है। बता दें कि यूनीलिवर पीएलसी के आइसक्रीम डिवीजन की साल 2023 में 7.9 बिलियन की बिक्री हुई थी। यूनीलिवर पीएलसी के री-स्ट्रक्चरिंग प्लान की वजह से 7500 कर्मचारियों की छंटनी होने वाली है। कंपनी ने कहा कि यह कदम व्यापक री-स्ट्रक्चरिंग का हिस्सा है। नौकरी में कटौती से अगले तीन वर्षों में ₹800 मिलियन तक के फायदे की उम्मीद की जा रही है।

री-स्ट्रक्चरिंग से यूनीलिवर पीएलसी का ध्यान चार कारोबार पर केंद्रित हो जाएगा। ये चार कारोबार- ब्यूटी एंड वेलबीइंग, पर्सनल केयर, होमकेयर और न्यूट्रिशियन। इससे पहले कंपनी की प्रतिद्वंद्वी नेस्ले एसए ने पहले निजी इक्विटी फर्म पीएआई पार्टनर्स के साथ एक ज्वाइंट वेंचर स्थापित करके अपने आइसक्रीम कारोबार को अलग कर दिया था। कंपनी की ओर से आइसक्रीम इकाई को अलग करने से यूनीलिवर की बड़ी टेंशन खत्म हो जाएगी।

किस तरह की टेंशन

दरअसल, कंपनी को अपने ब्रांड बेन एंड जेरी द्वारा उठाए गए राजनीतिक रुख पर कई विवादों से निपटना पड़ा है। दिसंबर 2022 में ब्रांड द्वारा इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बेचे जाने वाले उत्पादों पर आपत्ति जताने के बाद यूनीलिवर ने बेन एंड जेरी के स्वतंत्र बोर्ड के साथ एक अदालती लड़ाई को सुलझाया। इससे पहले यूनीलिवर ने बेन एंड जेरी के एक विवादित सोशल मीडिया पोस्ट पर भी कई सवाल झेले थे।

गाली का विरोध करने पर घर में घुसकर हमला, तीन घायल

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। खेरली हाफीजपुर गांव में घर के बाहर गाली दे रहे एक युवक को टोकना गृह स्वामी को खासा महंगा पड़ा। दबंग युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर जमकर कहर बरपाया और मारपीट कर तीन लोगों को घायल कर दिया। पीड़ित परिवार ने थाना दनकौर में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सूरज सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 14 मार्च की रात्रि को उनके भाई धर्मेंद्र के घर के बाहर पड़ोस का ही पंकज गाली-गलौज कर रहा था। उनके भतीजे मुनेश ने पंकज को घर के सामने गाली गलौज करने से मना किया तो वह उससे उलझ गया और गाली गलौज शुरू कर दी। झगड़ा होता देखकर आस-पड़ोस के लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद पंकज देख लेने की धमकी देता हुआ मौके से चला गया। कुछ देर बाद पंकज अपने चचेरे भाई सुमित, रिकी गुर्जर, योगी, योगेंद्र उर्फ दो दीपक सहित कुछ अन्य लड़कों के साथ धर्मेंद्र के घर पहुंचा और घर में घुसकर गाली गलौज व मारपीट

शुरू कर दी। सूरज सिंह के मुताबिक आरोपी लाठी-डंडे सरिया तथा पिस्टल से लैस थे। आरोपियों ने उसके भाई धर्मेंद्र, भाभी जगवती तथा भतीजे मुनेश की पिटाई कर उन्हें घायल कर दिया। काफी देर तक तांडव मचाने के बाद आरोपी पिस्टल हवा में लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।

टिकट कटने की बात अफवाह निकली, गठबंधन से नागर ही लड़ेंगे चुनाव

नोएडा। (गौतमबुद्धनगर) सीट पर कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी के गठबंधन के प्रत्याशी डा. महेन्द्र नागर ही चुनाव लड़ेंगे। नोएडा सीट से डा. महेन्द्र नागर का टिकट बदले जाने का प्रचार केवल अफवाह साबित हुआ है। आरोप है कि समाजवादी पार्टी (सपा) के ही कुछ लोगों ने टिकट कटने की अफवाह फैलाई है। सपा के बड़े नेताओं ने साफ कर दिया है कि नोएडा सीट से डा. महेन्द्र नागर ही गठबंधन के प्रत्याशी हैं और वही नोएडा (गौतमबुद्धनगर) की सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र को मिलाकर बने गौतमबुद्धनगर जिले में समाजवादी पार्टी का सबसे बड़ा नेता राजकुमार भाटी को माना जाता है। राजकुमार भाटी सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भी हैं। राजकुमार भाटी ने चेतना मंच के साथ बातचीत करते हुए स्पष्ट किया है कि नोएडा (गौतमबुद्धनगर) सीट पर डा. महेन्द्र नागर को सपा तथा कांग्रेस के गठबंधन का प्रत्याशी बनाया गया है। श्री भाटी ने दावा किया कि डा. महेन्द्र नागर ही नोएडा की सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और वही चुनाव लड़ेंगे। टिकट कटने अथवा बदले जाने के सवाल पर राजकुमार भाटी ने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्व इस प्रकार की अफवाह उड़ा रहे हैं। सबको पता है कि नोएडा सीट उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण लोकसभा सीट है। भारतीय जनता पार्टी ने नोएडा की सीट से एक बार फिर डा. महेश शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। डा. महेश शर्मा लगातार दो बार से नोएडा के सांसद हैं। सपा-कांग्रेस गठबंधन ने नोएडा की सीट पर डा. महेन्द्र नागर को प्रत्याशी बनाया है। इस बीच समाजवादी पार्टी में विरोध के कुछ नए सुर उठने लगे हैं।

नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा सीट पर अभी चुनाव पूरी तरह से शुरू भी नहीं हुआ है कि नोएडा में समाजवादी पार्टी के अंदर विरोध के सुर उठने लगे हैं। नोएडा (गौतमबुद्धनगर) सीट से सपा प्रत्याशी डा. महेन्द्र नागर को लेकर नोएडा में सक्रिय कुछ सपा के नेता तथा कार्यकर्ता खफा बताए जा रहे हैं। नोएडा क्षेत्र में सक्रिय सपा के कुछ पूर्व पदाधिकारियों का आरोप है कि उन्हें चुनाव को लेकर होने वाली बैठकों तथा आगामी रणनीति की जानकारी भी नहीं दी जा रही है। सपा नेता सवाल उठा रहे हैं कि पुराने सपाई तथा पदाधिकारियों की अनदेखी कर सपा प्रत्याशी कैसे चुनावी मैदान में भाजपा का किला भेद पाएंगे? समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नोएडा सीट के लिए बीते 16 मार्च को डॉ महेंद्र नागर को अपना प्रत्याशी बनाया है।

पृष्ठ एक के शेष....

बदायूं में तनाव...

जाए गए। जहां से शव को कछला ले जाया गया। बच्चों के घर के बाहर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जिसे देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

शहर में भी जगह जगह पुलिस तैनात है। इसके अलावा अब तक आरोपित पक्ष से कोई सामने नहीं आया है। जिसके चलते एनकाउंटर में मारे गए आरोपी के शव को मोर्चरी में ही रखा गया है। वहीं हत्यारोपित साजिद के पिता व चाचा को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। शहर में तनाव है जिसको देखते हुए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।

'मैने अपना काम...

संगीता ने पैसे देने की बात कही, तो उसी दौरान साजिद ने मंझले लड़के पीयूष को गुटखा लाने के लिए बाहर भेज दिया।

इसी दौरान मन घबराने की बात कहकर साजिद घर की छत पर चला गया। साथ में छोटे लड़के आहान को भी ले गया। फिर उसने बड़े लड़के आयुष को पानी लाने के लिए कहा और इसी बीच अपने भाई जावेद को घर के अंदर बुला लिया।

इस तरह साजिद, जावेद और दोनों लड़के (आयुष, आहान) छत पर चले गए। विनोद की पत्नी संगीता जब अंदर से पैसे लेकर बाहर आई तो उसने देखा कि साजिद और जावेद सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे। उनके हाथ में खून से सनी हुई चाकू थी। उन्होंने संगीता को देखते ही कहा कि %आज मैंने अपना काम पूरा कर दिया है। यह देखकर संगीता घबराकर चिल्लाई, तो मोहल्ले के लोग जुट गए।

फिर संगीता ऊपर गई तो दोनों लड़के खून से लथपथ मिले। उनकी मौत हो चुकी थी। तभी तीसरा लड़का (पीयूष) गुटखे की पुड़िया लेकर आ गया। इसके बाद जावेद ने पीयूष पर भी हमला किया, चाकू से उसके हाथ में गंभीर चोट आई। हालांकि, वो बच गया।

भाजपा नेता गौरव...

कचहरी में गौरव भाटिया चर्चित यूट्यूब पर एल्विश यादव की जमानत कराने के लिए गए थे। कचहरी में मौजूद वकीलों ने गौरव भाटियों से कहा कि आज कचहरी में हड़ताल है इस कारण आप कोर्ट में पेश न हो और अपना अधिवक्ता वाला 'बैंड' उतार दें। इस पर गौरव भाटिया पेशी के लिए अड़े रहे। बताया जा रहा है कि ग्रेटर नोएडा स्थित कचहरी के अनेक वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया से निवेदन करते रहे कि वह हड़ताल के कारण अपना 'बैंड' उतार दें। बताया जा रहा है कि गौरव भाटिया ने अपना 'बैंड' उतरने से मन कर दिया। इस बीच किसी ने गौरव भाटिया का 'बैंड' खींच कर उतार लिया और बैंड को फाड़कर फेंक दिया समाचार लिखे जाने तक इस मामले को लेकर ग्रेटर नोएडा स्थित जिस कचहरी में बवाल मचा हुआ था।

नोएडा पुलिस की...

पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। वहीं पुलिस हिरासत में हुई युवक की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

यू-ट्यूबर एल्विश...

इस मामले में उसके साथी ईश्वर व विनय यादव को पूछताछ के लिए थाना सेक्टर 20 बुलवाया गया था। पूछताछ के बाद पुलिस ने ईश्वर व विनय यादव को गिरफ्तार कर लिया। स्टॉप ऑफिसर ने बताया कि पकड़ा गया ईश्वर ज्यादातर राहुल सपेरा के कांटेक्ट में रहता था। ईश्वर के कहने पर ही सपेरा राहुल यादव पार्टियों में पहुंचकर लोगों को स्नेक वेनम उपलब्ध कराता था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया विनय यादव हाई प्रोफाइल पार्टियों को आयोजित करता था। ईश्वर और विनय यादव दोनों ही एल्विश यादव के खासे करीबी हैं। दोनों आरोपियों की हाई प्रोफाइल पार्टियों में खासी भूमिका रहती थी। पुलिस की जांच में दोनों की भूमिका के बारे में पुख्ता सबूत मिले हैं जांच और सबूत के आधार पर ही पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है।

गृह स्वामी गए...

जांच करने पर पता चला कि चोर उनके घर से 1 लाख रुपए के गहने व जरूरी दस्तावेजों को चोरी कर ले गए। चोरी की पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है सीसीटीवी फुटेज में कई लोग संदिग्ध अवस्था में घर में घुसते हुए दिख रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

गाली का विरोध...

योगेंद्र उर्फ दो दीपक सहित कुछ अन्य लड़कों के साथ धर्मेंद्र के घर पहुंचा और घर में घुसकर गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी। सूरज सिंह के मुताबिक आरोपी लाठी-डंडे सरिया तथा पिस्टल से लैस थे। आरोपियों ने उसके भाई धर्मेंद्र, भाभी जगवती तथा भतीजे मुनेश की पिटाई कर उन्हें घायल कर दिया। काफी देर तक तांडव मचाने के बाद आरोपी पिस्टल हवा में लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।

छात्र पर कार...

ग्राम देवटा निवासी जगतपाल भाटी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा मयंक भाटी खेरली नहर पर स्थित श्री राम कोचिंग सेंटर में कोचिंग ले रहा है। बीते 15 मार्च की सुबह वह कोचिंग सेंटर से बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहा था। इस दौरान अर्टिगा कार चालक ने जान से मारने की नीयत से मयंक भाटी की बाइक में टक्कर मार दी। मयंक भाटी के नीचे गिरने पर कार चालक ने उसे पर कार चढ़ा दी। किसी तरह मयंक भाटी ने अपनी जान बचाई। इस दौरान कार सवार विनय, कुलदीप, धीरज आदि उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। आरोपियों ने अपने 10-15 साथियों को भी मौके पर बुला लिया और मयंक का जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। इस दौरान धीरज ने मयंक पर तमंचे से गोली चला दी लेकिन वह बाल-बाल बच गया। मयंक भाटी को बुरी तरह मारने पीटने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

जगतपाल भाटी के मुताबिक उनके बेटे पर करीब 10 दिन पूर्व भी अज्ञात को द्वारा हमला किया गया था। स्विफ्ट कार सवार युवक मयंक भाटी की कार में टक्कर मारकर मौके से फरार हो गए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

फार्म हाउस में...

आबकारी विभाग की टीम ने शराब पिला रहे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया पूछताछ में उसने अपना नाम सत्य राम पुत्र मनोहर लाल बताया। सत्य राम ने बताया कि बरामद शराब उसके द्वारा पार्टी में परोसने के लिए हरियाणा से लाई गई है। वह फार्म हाउस का केयरटेकर है और उसके द्वारा ही शराब पिलाई जा रही थी। आबकारी निरीक्षक शिखा ठाकुर ने बरामद शराब को जप्त कर आरोपी के खिलाफ थाना एक्सप्रेसवे में मुकदमा दर्ज कराया है।

कार का शीशा....

परीक्षा देकर जब वह वापस आए तो उन्हें कार का शीशा टूटा हुआ तथा मोबाइल फोन गायब मिले। छात्र की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं थाना फेस-3 क्षेत्र में सिद्धार्थ विहार गाजियाबाद निवासी राजू पांडे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 29 फरवरी की रात्रि को एवरग्रीन होटल पर अपने दोस्तों के साथ खाना खाने आया था उसने अपनी गाड़ी एवरग्रीन होटल के सामने सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। खाना खाकर कुछ देर बाद जब वापस लौटा तो उन्हें कार का शीशा टूटा हुआ मिला तथा कार में रखे दो लैपटॉप गायब मिले। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

ओवरटेक को लेकर...

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश की जा रही है।

उत्कृष्ट कार्य करने...

लगाने की कार्यवाही करें।

एस.पी. सिंह, उप महाप्रबन्धक जन स्वास्थ्य द्वारा समस्त सुपरवाईज़ों को नौएडा क्षेत्र में GVP Point खत्म करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त स्थलों को चिन्हित करके उन स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण करें एवं नियमित जागरूकता अभियान चलाकर उन स्थलों को विलोपित कूड़ाघर में परिवर्तित किया जाए। ऐसी संस्थाएं जो प्रतिदिन 100 कि0ग्रा0 से अधिक वेस्ट उत्सर्जित करती है उनको अपने परिसर में गीले कूड़े हेतु कम्पोस्ट प्लान्ट एवं सूखे कूड़े को MRF Agency द्वारा निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त सुरवाईजरों को निर्देशित किया गया कि ऐसे बल्क वेस्ट जनरेटर जिनके द्वारा अपने परिसर में कूड़ा निस्तारण की कार्यवाही नही की जा रही है उनका रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करेंगे। जिससे MSW Rule का पालन न करने वाले बल्क वेस्ट जनरेटर के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 सुपरवाईजरों को पुरस्कृत किया जायेगा एवं निरीक्षण उपरान्त जिन सुपरवाईजरों के कार्यक्षेत्र में गंदगी पाई जायेगी तो ऐसे सुपरवाईजर के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

वांछित चोर...

उन्होंने कंपनी से 60000 लाख रुपए के इलेक्ट्रिकल कन्वर्टर कार व बाइक चोरी कर ली थी बरामद बाइक कंपनी से ही चोरी की गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पकड़े गए करण कुमार के साथी विजय व गौरव कुमार को पूर्व में ही गिरफ्तार का जेल भेज चुकी है इनके पास से कंपनी से चोरी किए गए इलेक्ट्रिकल कनवर्टर व कार बरामद हुई थी।

खास खबर

भारत, सेशेल्स करेंगे 10 दिवसीय युद्धाभ्यास, भारतीय सेना की 45 कर्मियों वाली टुकड़ी रवाना

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय सेना हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रमकता के खिलाफ साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए सेशेल्स के एक सैन्य अड्डे पर द्वीपीय राष्ट्र के सैनिकों के साथ 10 दिवसीय व्यापक युद्धाभ्यास करेगी। भारतीय सेना ने रविवार को कहा कि यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच कौशल, अनुभव और अनुरूप अभ्यासों के आदान-प्रदान के अलावा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों का निर्माण भी करेगा और उन्हें प्रोत्साहन देगा।

यह अभ्यास सहयोगात्मक साझेदारी को भी बढ़ावा देगा और दोनों पक्षों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में मदद करेगा। सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में लगभग 115 द्वीपों का एक रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपसमूह है और भारत के साथ रक्षा सहयोग को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारतीय सेना की 45 कर्मियों वाली एक टुकड़ी लामितिये 2024 अभ्यास में भाग लेने के लिये रविवार को सेशेल्स रवाना हुई। संयुक्त अभ्यास 27 मार्च तक सेशेल्स में आयोजित किया जाएगा। क्रियोल भाषा में लामितिये का अर्थ दोस्ती है। सेशेल्स डिफेंस फोर्सेज (एसडीएफ) के भी इतने ही सैन्यकर्मी इस अभ्यास में हिस्सा लेंगे। सेना ने कहा कि 10 दिवसीय संयुक्त सैन्य अभ्यास में फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास, युद्ध चर्चा, व्याख्यान और प्रदर्शन शामिल होंगे।

चुनाव से पहले अन्य दलों के नेताओं को शामिल कर सकती है आप, रणनीति पर हो रहा काम

नईदिल्ली, एजेंसी। लोक सभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही आम आमदी पार्टी दूसरे दलों के बड़ी कद वाले नेताओं को पार्टी में शामिल कराने की रणनीति बना रही है। जानकारों का कहना है कि दूसरे दलों के कई असंतुष्ट नेता पार्टी के संपर्क में हैं, मगर अभी इस बारे में कोई फैसला नहीं हुआ है।

बता दें कि पहले हर दूसरे या तीसरे महीने दूसरे दलों के नेता आप में शामिल होते रहे हैं। मगर पिछले कुछ समय से आप के साथ उल्टा हो रहा है, दिल्ली के जो नेता पहले आप में आए थे, उनमें से नगर निगम के कुछ पार्षदों को छोड़ दिया जाए तो कुछ लोग वापस अपने दलों में लौट गए हैं। फिलहाल आम आदमी पार्टी इसे भी रोकने की कोशिश कर रही है।

शेफाली शरण सरकार की प्रवक्ता नियुक्त, मौसुमी चक्रवर्ती ऑल इंडिया रेडियो की महानिदेशक

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी शेफाली बी. शरण को सरकार का नया प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यह जानकारी दी। 1990 बैच की अधिकारी शरण पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक का प्रभार संभालेंगी।

पीआईबी के निवर्तमान प्रधान महानिदेशक मनीष देसाई 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। शरण इससे पहले निर्वाचन आयोग और वित्त मंत्रालय की प्रवक्ता रह चुकी हैं। वह नीलम कपूर, दीपक संधू, शकुंतला महावल और एनजे कृष्णा के बाद पीआईबी का नेतृत्व करने वाली पांचवीं महिला अधिकारी हैं।

आधी आबादी के पास सत्ता की चाबी, दिल्ली की कुछ सीटों पर वोटिंग में नारी पुरुषों पर भारी

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की सात लोकसभा सीट के चुनावी दंगल में जीत हासिल करने के लिए इस बार महिला मतदाता राजनीतिक दलों के केंद्र में हैं। कागजों में नारी की भागीदारी कम है, लेकिन कुछ सीटों पर मतदान में वह पुरुषों पर भारी हैं।

आधी आबादी को रिझाने के लिए राजनीतिक दलों ने चुनाव की घोषणा से पहले अपने दांव चलने शुरू कर दिए हैं। दिल्ली की सत्ता में शामिल आम आदमी पार्टी (आप) ने महिलाओं को अपने पाले में करने के लिए 18 साल से अधिक उम्र वाली महिलाओं को एक हजार रुपये देने की घोषणा की है, जबकि भाजपा ने पहली बार एक साथ दो सामान्य सीटों पर महिला उम्मीदवारों को उतारकर बराबरी का नेतृत्व देने का संकेत दिया है।

घोषणाओं, टिकट देकर लुभाने की कोशिश : दिल्ली में बीते चुनाव में मतदान का ट्रेंड बताता है कि महिलाएं भी इस बार नतीजों को प्रभावित कर सकती हैं। यही वजह है कि राजनीतिक दल उन्हें लुभाने की हर कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली सरकार में काबिज आप ने भले ही गठबंधन के तहत चार सीट में से एक भी महिला उम्मीदवार नहीं उतारी है, लेकिन राज्य सरकार में होने के नाते चुनाव से ठीक पहले बजट में महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की घोषणा करके बाजी मारी है। यही नहीं, मुख्यमंत्री केजरीवाल आर्थिक मदद की घोषणा के साथ महिला टाउनहाल करके महिलाओं से अपना और अपने घर के वोट दिलाने की अपील कर चुके हैं। वहीं, भाजपा ने पहली बार दो लोकसभा सीट नई दिल्ली व पश्चिमी दिल्ली से महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस को एक महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारा जा सकता है। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में 25 विधानसभा सीटों पर महिलाओं का मत प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा रहा था।

लोकसभा और विधानसभा चुनाव में ताकत दिखाई

दिल्ली में हुए आखिरी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने मतदान के जरिए अपनी ताकत दिखाई। राजधानी में कुल सात लोकसभा सीट हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में तीन लोकसभा सीट नई दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली में महिलाओं का मत प्रतिशत पुरुषों की तुलना में ज्यादा रहा। बाकी चार सीटों पर भी महज एक से दो फीसदी का ही अंतर रहा। इसी तरह वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में भी दिल्ली में 70 विधानसभा सीटों में से 25 सीट ऐसी थी, जहां पर महिलाओं का मत प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा रहा। खास बात यह है की इनमें ओखला, कोंडली, बुराड़ी, वजीरपुर, ग्रेटर कैलाश, संगम विहार, कालकाजी, तुगलकाबाद व बदरपुर समेत अन्य विधानसभा सीट शामिल हैं।

एक हजार पुरुषों पर 843 महिला वोटर

दिल्ली में प्रति एक हजार पुरुष पर 843 महिला मतदाता हैं। खास बात यह है कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में मतदान करने के लिए ज्यादा आगे आ रही हैं। दिल्ली में कुल 1.47 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। इनमें पुरुषों की संख्या 79.86 लाख और महिलाएं 67.30 लाख से ज्यादा हैं। महिलाएं यह घरों में वोटों को प्रभावित करने की क्षमता भी रखती हैं। यही वजह है कि राजनीतिक दल उन्हें अपने पाले में करने में जुटे हैं।

फ्यूचर गेमिंग ने द्रमुक को दिया 509 करोड़ का चंदा, 859 करोड़ रुपये के बॉन्ड की जानकारी गायब

नईदिल्ली, एजेंसी। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक को सबसे ज्यादा 509 करोड़ रुपये का चंदा विवादास्पद कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज लिमिटेड ने दिया है। 14 मार्च, 2024 को जब चुनाव आयोग ने बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों की सूची सार्वजनिक की थी, उसमें फ्यूचर गेमिंग सबसे ऊपर थी। लॉटरी किंग के नाम से प्रसिद्ध सैंटियागो मार्टिन इस कंपनी के प्रवर्तक हैं। सैंटियागो मार्टिन खुद ईडी की जांच के दायरे में हैं। द्रमुक को कुल मिलाकर 656.5 करोड़ रुपये चुनावी चंदा मिला है। इस लिहाज से देखें तो द्रमुक को मिलने वाली राशि में 77 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा विवादास्पद लाटरी किंग से मिला है।

फ्यूचर गेमिंग ने 1,368 करोड़ रुपये का चुनावी चंदा दिया: चूंकि अधिकतर राजनीतिक दलों ने दानदाताओं के नाम नहीं बताए हैं। इसलिए यह पता नहीं चल सका है कि फ्यूचर गेमिंग द्वारा खरीदे गए शेष 859 करोड़ रुपये के बॉन्ड किन पार्टियों ने भुनाए। बताते चलें, फ्यूचर गेमिंग ने कुल मिलाकर 1,368 करोड़ रुपये का चुनावी चंदा देश के राजनीतिक दलों को दिया है।

चेन्नई संचालन का प्रमुख केंद्र रहा: चेन्नई इसके संचालन का प्रमुख केंद्र रहा है। ऐसे में तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी को भारी-भरकम चंदा देना चुनावी साल में खासा रंग दिखा सकता है।

एक्टिवेटेड सिम कार्ड वियतनाम भेजने के आरोप में 4 गिरफ्तार

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने गेमिंग और सोशल मीडिया ऐप्स के लिए वियतनाम में एक्टिवेटेड सिम कार्ड भेजने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी इस अपराध के लिए प्रतिबंधित क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म पर भुगतान प्राप्त करते थे। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई एयरपोर्ट) उषा रंगनानी ने बताया कि आरोपी लोगों को बहुत कम रकम देकर सिम कार्ड जारी करवाते थे। इनमें से कई दिहाड़ी मजदूर होते थे। इसके बाद कार्ड वियतनाम में लोगों को ऊंची कीमत पर बेचा जाता था। इन सिम कार्ड का इस्तेमाल गेमिंग और सोशल मीडिया ऐप्स के लिए किया जाता था।

अधिकारी ने बताया कि वियतनाम में भारत का सिमकार्ड ऊंची कीमत पर बेच दिया गया था। इन सिमकार्ड का इस्तेमाल गेमिंग और सोशल मीडिया ऐप्स के लिए किया गया। पुलिस ने कहा कि आरोपी चीनी क्रिप्टोकरेंसी एप्लिकेशन पर स्मगलिंग की रकम प्राप्त करते थे। इस चीनी क्रिप्टोकरेंसी एप्लिकेशन को हाल ही में भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के पास से 500 सिम कार्ड जब्त किए गए हैं। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (आईजीआई) कार्गो टर्मिनल पर एक कूरियर कंपनी के प्रबंधक (संचालन) की शिकायत के बाद जांच शुरू की गई थी।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि शिपमेंट की रेंडम जांच में पता चला कि एक डायरी के अंदर कार्बन पेपर में कवर किए गए भारी मात्रा में सिम कार्ड हैं। ये सिमकार्ड वियतनाम में शिपिंग के लिए पन्नों को काटकर एक खोखली जगह बनाकर रखे गए थे। डीसीपी ने बताया कि उस शिपमेंट में तीन अलग-अलग सर्विस प्रोवाइडर के कुल 500 सिम कार्ड पाए गए। 500 में से 60 सिमकार्ड की रेंडम जांच की गई। पुलिस को संबंधित सेवा प्रदाताओं से इनका विवरण मिला। सभी सिम कार्ड आगरा के आसपास रहने वाले लोगों के नाम पर जारी किए गए थे।

दिल्ली पुलिस ने अपनी छानबीन में पाया कि सभी सिम कार्ड पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) केंद्रों से जारी किए गए थे। इस मामले में राजस्थान के अनिल कुमार (20) और आगरा के रहने वाले मुकुल कुमार (22), हेमंत (26) और कन्हैया गुप्ता (29) को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान, पुलिस ने आगरा के लोहा मंडी इलाके में दो लोगों को ट्रैक किया। इन्हीं दोनों के नाम पर सिम कार्ड जारी किए गए थे। इन्होंने बताया कि मुकुल कुमार नाम के शख्स ने उनको अपने नाम पर कार्ड जारी करने के लिए 200 रुपये दिए थे।

इंजीनियरिंग की छात्रा को स्कूटी से गिराकर बीच सड़क पर की अश्लील हरकत, गाजियाबाद में शर्मनाक घटना

नईदिल्ली, एजेंसी। गाजियाबाद के कविनगर थानाक्षेत्र में दोस्त के साथ पेपर देने जा रही इंजीनियरिंग की छात्रा को स्कूटी से गिराकर सड़क पर अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्रा के मुताबिक, पांच युवकों और उनके साथियों ने न सिर्फ उसके कपड़े फाड़ने की कोशिश की, बल्कि उसे बचाने आए दोस्त के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस का कहना है कि पीड़िता और आरोपी पक्ष इंजीनियरिंग के छात्र हैं। आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट और छेड़छाड़ का केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

सिहानी गेट थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती का कहना है कि वह नोएडा के कॉलेज में इंजीनियरिंग की छात्रा है। शनिवार को वह अपने दोस्त के साथ पेपर देने के लिए स्कूटी से नोएडा जा रही थी। जैसे ही वह कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में मुखर्जी पार्क के सामने पहुंची तो वहां पहले से ही खड़े अध्यक्ष राना, अश्वंजय शर्मा, आदित्य, कुनाल, आयुष मित्रा और उसके साथियों ने उनकी स्कूटी रुकवा ली। वह कुछ समझ पाती, उससे पहले ही आरोपियों ने लात मारकर स्कूटी गिरा दी। इसके बाद आरोपियों ने अश्लील बातें बोलते हुए उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती का आरोप है कि आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ने भी का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। उसका दोस्त जब उसे बचाने आया तो हमलावरों ने उसे भी बुरी तरह पीटा। युवती के मुताबिक, घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर उन्हें धमकी देते हुए फरार हो गए।

इंजीनियरिंग के छात्र हैं सभी : घटना के बाद युवती अपने दोस्त के साथ कविनगर थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि छात्रा, उसका दोस्त और हमला करने वाले आरोपी इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे हैं। मुख्य आरोपी राना पीड़िता का पड़ोसी है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर अध्यक्ष राना, अश्वंजय शर्मा, आदित्य, कुनाल, आयुष मित्रा और अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

दिल्ली में डबल मर्डर से सनसनी, सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़े मिले 2 लोग

नईदिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली के बापरोला गांव में 2 लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हत्या की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली के रणहौला थाना अंतर्गत आने वाले बापरोला गांव में रविवार रात चाकूबाजी की घटना में 2 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार रात 9-44 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। कॉल करने वाले ने कहा, यहां पर एक आदमी के खून बह रहा है और वह रोड पर पड़ा है बापरोला दास गार्डन, माची मार्केट के पास। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बाद में उसे अस्पताल ले गई।

एम्बुलेंस प्रभारी ने सूचना दी कि घायल व्यक्ति बेहोश है, उसके सीने पर चाकू का घाव दिख रहा है और उसे जाफरपुर अस्पताल ले जाया जा रहा है। जहां बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया, जिसकी पहचान 34 साल के मुकेश के रूप में हुई। इस घटना के कुछ बाद में पास में ही एक और शव मिला, जिसके सीने पर चाकू से वार किया गया था और वह मृत लगा रहा था। उसकी पहचान 33 साल के राजेश के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी, रणहौला थाना प्रभारी और अन्य टीमों के मौके पर पहुंचे। इस संबंध में आईपीसी की धारा 302/34 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच में प्रगति के अनुसार आगे की जानकारी प्रदान की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमलावरों की पहचान करने के लिए इलाके और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है।

दिल्ली में अगले सात दिन में 3 डिग्री तक चढ़ेगा पारा, गर्मी करेगी परेशान

नईदिल्ली, एजेंसी। उत्तर भारत के सभी राज्यों में दिनोंदिन पारा चढ़ता जा रहा है। हालांकि दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान इस मौसम के औसत से पांच डिग्री सेल्सियस कम 11.9 डिग्री दर्ज किया गया। लेकिन दिल्ली में अगले एक हफ्ते में तापमान बढ़कर 33 डिग्री तक पहुंचने वाला है। इससे राजधानी के आसपास मौजूद शहरों में भी पसीने वाली गर्मी शुरु हो सकती है। मौसम विभाग ने अगले एक हफ्ते का वेदर अपडेट दिया है।

मंगलवार को भी दिल्ली में आसमान साफ रहेगा। मौसम कमोबेश सोमवार जैसा ही रहेगा लेकिन तापमान में बढ़ोतरी होगी। अधिकतम तापमान 32 से बढ़कर 33 डिग्री तक जा सकता है।

20 से 23 मार्च तक कैसा मौसम

20, 21 और 22 मार्च को दिल्ली में आसमान साफ रहेगा लेकिन 23 मार्च को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। वहीं इन चार दिनों में पारा लगातार ऊपर चढ़ेगा। 20 मार्च को अधिकतम तापमान 32 डिग्री तक दर्ज किया जा सकता है। वहीं यह 23 मार्च तक बढ़कर 33 डिग्री तक पहुंच जाएगा। यानी दिल्ली में अगले एक हफ्ते में तापमान में तीन डिग्री की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। वहीं हफ्ते के अंत तक न्यूनतम तापमान भी 14 डिग्री तक दर्ज किया जा सकता है।

बारिश पर क्या अपडेट?

मौसम विभाग के मुताबिक, राजधानी दिल्ली में अगले एक हफ्ते बारिश की भविष्यवाणी नहीं की गई है। हालांकि पूर्वी मध्य भारत में अगले कुछ दिनों तक मौसम खराब रह सकता है। झारखंड, ओडिशा, पूर्वी मध्य प्रदेश में 17 से 20 मार्च तक बारिश हो सकती है।

भागते गए साथी और कमजोर पड़ा हाथी, बसपा से छिन गया मायावती का घर

नईदिल्ली, एजेंसी। गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट बसपा सुप्रीमो मायावती का गृहनगर है और कुछ सालों पहले तक यहां बसपा का दबदबा था। जिस तरह से बसपा के दिग्गज पिछले कुछ सालों में पाला बदलकर भाजपा के साथ आ चुके हैं, उसमें बसपा के लिए यहां पर सियासी इम्तिहान और कड़ा हो गया है।

पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी ने अभी तक प्रत्याशी भी नहीं उतारा है। उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रह चुकीं मायावती का जन्म गौतमबुद्धनगर के बादलपुर गांव में ही हुआ था और इसलिए पार्टी के लिए यह सीट बेहद अहम है।

नए परिसीमन के बाद बनी गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर पहला चुनाव वर्ष 2009 में हुआ था। इस सीट पर पहली जीत बसपा प्रत्याशी के रूप में सुरेंद्र नागर ने दर्ज कराई थी।

भाजपा और सपा ने उतारे उम्मीदवार

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर से डॉ. महेश शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है, जो लगातार दो बार जीत दर्ज करा चुके हैं। जबकि सपा और कांग्रेस गठबंधन के तहत यह सीट सपा के खाते में गई है और सपा ने यहां से डॉ. महेंद्र नागर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, बसपा ने अभी तक यहां किसी को प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। अब बसपा में प्रत्याशी की खोज तेज है। बसपा ने अपनी कार्यशैली के अनुसार अभी तक यहां से किसी को लोकसभा प्रभारी भी घोषित नहीं किया है। अब आने वाले दिनों में बसपा यहां से किसे अपना प्रत्याशी बनाएगी, इस पर सभी दलों के सियासी रणनीतिकारों की निगाहें लगी हैं।

2014 के लोकसभा चुनाव से पहले ही वह पार्टी का साथ छोड़कर भाजपा से जुड़ गए। उनके अलावा एमएलसी अनिल अवाना, पूर्व मंत्री वेदराम भाटी, जिला पंचायत चेयरमैन जयवती नागर और उनके के पति गजराज नागर, पूर्व विधायक होराम सिंह,पूर्व जिलापंचायत अध्यक्षा बाला देवी, संजीव त्यागी, एडवोकेट राम शरण नागर, वीरेंद्र डाढ़ा एक-एक कर बसपा से अलग होते गए।

दादरी से दो बार बसपा से विधानसभा चुनाव जीते सतवीर गुर्जर भी बसपा से निकल गए। ऐसे में अपने गृहजनपद में ही बसपा चुनाव हारती गई और वर्तमान में लोकसभा, राज्यसभा, एमएलसी और जिला पंचायत की सभी सीटों पर भाजपा काबिज है और बसपा का एक भी नेता किसी सीट पर जीत नहीं सका।

आकाश आनंद की भी गौतमबुद्ध नगर सीट पर परीक्षा

बसपा के नए उत्तराधिकारी के रूप में आकाश आनंद का नाम घोषित हो चुका है।

मायावती के छोटे भाई आनंद के बेटे आकाश की पढ़ाई नोएडा में ही हुई है। उनका घर भी नोएडा में ही है। ऐसे में गौतमबुद्धनगर सीट पर उनकी भी परीक्षा होनी है। बसपा के मंडल कोर्डिनेटर लखमी सिंह ने कहा, बसपा बूथ स्तर तक काम कर चुकी है और चुनावी तैयारी तेज है। शीघ्र ही पार्टी सुप्रीमो प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करेंगी। जो भी प्रत्याशी होगा, उसे कार्यकर्ता मजबूती से चुनाव लड़ाएंगे।

आईपीएल-2024

आईपीएल का 22 से आगाज
किसकी शह होगी किसकी मात

वरुण तिवारी/जागरूक टाइम्स

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 17वां सीजन 22 मार्च से शुरु होने जा रहा है, जिसको लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। लीग में प्रतिभाग करने वाली टीम और उसके खिलाड़ी भी पूरी तरह से तैयार हैं। गौरतलब हो कि हर साल आयोजित होने वाला क्रिकेट का यह प्रारुप दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों को आकर्षित करता है। इसकी शुरुआत 2008 में हुई और अब तक बिना किसी रुकावट के जारी है। अब जब आईपीएल का नया सीजन शुरू होने वाला है तो आज हम बात करते हैं उन टीमों की जिन्होंने इस सफर में विजेता का ताज पहना है।

इनके सिर सजा ताज

- आईपीएल के अब तक 16 सीजन खेले जा चुके हैं। 2024 में होने वाला यह आईपीएल का 17वां सीजन होगा। जिसमें देश की 10 टीमें प्रतिभाग करेंगी। सीजन का पहला मुकाबला 22 मार्च को एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। लीग की शुरूआत पांच बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स जहां जीत के साथ करने उतरेगी। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपने 16 साल के सूखे को खत्म करने के इरादे। गौरतलब हो कि आईपीएल में अभी तक मुंबई इंडियंस (5) और चेन्नई सुपर किंग्स (5), केकेआर (2), डेक्कन चार्जर्स हैदराबाद (2), राजस्थान रॉयल्स (1), गुजरात टायटंस (1) बार विजेता रही हैं।

इन्हें आज भी जीत का इंतजार

- आईपीएल का अब तक 16 संस्करण हो चुका है लेकिन इनमें जीत सिर्फ कुछ चुनिंदा टीमों को ही मिली हैं। यदि अब तक के संस्करण पर गौर फरमाएं तो मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स इस प्रारूप की बेहतरीन टीम रही हैं। वहीं अपने खेल कौशल से दो बार केकेआर और डेक्कन चार्जर्स ने भी खिताब अपने नाम किया, जबकि गुजरात और राजस्थान रॉयल्स ऐसी टीमें हैं जिन्होंने लीग में प्रतिभाग के पहले ही वर्ष में जीत का सेहरा पहना। लेकिन इसी लीग में कुछ ऐसी टीमें हैं जिन्हें आज तक फाइनल में जीत नहीं मिली है या कहें उनके सर पर जीत का ताज नहीं सजा है। सर पर ताज सजाने को इस बार पंजाब, दिल्ली, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और लखनऊ सुपर जॉइंट्स उतरेंगी।

कमाई में विश्व की नंबर वन लीग

- गौरतलब हो कि इंडियन प्रीमियर लीग कमाई के मामले में दुनिया की अन्य टॉप-10 क्रिकेट लीग से बहुत आगे है। वहीं यदि बात की जाए पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की तो। पाकिस्तान अपनी फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग पीएसएल से एक सीजन में ब्रॉडकास्टिंग राइट्स से जितनी कमाई करता है, आईपीएल उतनी कमाई सिर्फ एक मैच दिखाकर करता है। यदि बात की जाए आईपीएल के ब्रांड वैल्यू की तो वर्ष 2023 में ये 88 हजार करोड़ रुपए आंकी गई, जो इसे क्रिकेट में लंबे फासले से नंबर-1 की लीग बनाती है।

प्रतिभागी टीमें

- मुंबई इंडियंस
- कोलकाता नाइट्स राइडर्स
- चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके)
- पंजाब किंग्स
- दिल्ली कैपिटल्स
- राजस्थान रॉयल्स
- सनराइजर्स हैदराबाद
- लखनऊ सुपर जॉइंट्स
- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर
- गुजरात टाइटन्स

टीम के कप्तान

चेन्नई सुपर किंग्स- महेंद्र सिंह धोनी
मुंबई इंडियंस- हार्दिक पांड्या
दिल्ली कैपिटल्स- ऋषभ पंत
गुजरात टाइटंस- शुभमन गिल ...
कोलकाता नाइट राइडर्स- श्रेयस अय्यर ...
लखनऊ सुपर जायंट्स- केएल राहुल ...
राजस्थान रॉयल्स- संजू सैमसन ...
पंजाब किंग्स- शिखर धवन ...
रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर- फाफ डु प्लेसिस ...
सनराइजर्स हैदराबाद- एडन मार्करम

टी20-सीरीज

ऑस्ट्रेलिया का अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने से इंकार

नई दिल्ली। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अफगानिस्तान के खिलाफ अगस्त में खेले जाने वाली तीन मैचों की टी20I सीरीज खेलने से मना कर दिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इसके पीछे की वजह बताते हुए कहा कि तालीबान शासन के तहत महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकार अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। अफगानिस्तान में लड़कियों को हाई स्कूल जाने और कॉलेज जाने पर पाबंदी लगाई जा रही है। इसके अलावा अफगानी महिलाओं को नौकरी करने पर भी रोक लगाई जा रही है। ऐसे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस दौरे को स्थगित करने का फैसला किया है। दरअसल, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि हम अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों की बेहतर स्थिति की उम्मीद में देश के क्रिकेट बोर्ड के साथ जुड़ना जारी रखेंगे। बता दें कि पिछले एक साल में सीए ने अफगानिस्तान की स्थिति पर ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ परामर्थ करना जारी रखा है। महिलाओं और लड़कियों के लिए स्थिति बदतर होती जा रही हैं। उन्हें खुलकर अपने फैसले लेने की अनुमति नहीं हैं। इस वजह से ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20I सीरीज खेलने से मना कर दिया। अफगानिस्तान से ऑस्ट्रेलिया का टी20 सीरीज खेलने से मना करने का ये कोई पहला मामला नहीं है। यह तीसरी बार है जब ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज खेलने से इनकार किया है। सबसे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने नवंबर 2021 में अफगानिस्तान के खिलाफ होबार्ट में होने वाला इकलौता टेस्ट खेलने से मना किया था। इसके बाद जनवरी 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ मैचों की वनडे सीरीज को स्थगित किया और अब अगस्त में होने वाली 3 T20 की सीरीज खेलने से इनकार किया है। ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी द्वारा संचालित टूर्नामेंट में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना जारी रखा है। हाल ही में भारत में खेले गए वनडे विश्व कप के दौरान ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को हराया था। उस मैच में ग्लेन मैक्सवेल ने नाबाद 201 रन बनाए।

हर्षल के आने से पंजाब को मिली मजबूती

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का टाइटल कभी न जीत सकने वाली टीमों में शामिल पंजाब किंग्स की कप्तानी इस बार शिखर धवन करेंगे। टूर्नामेंट शुरू होने में 3 ही दिन की देरी है और टीम की तैयारियां भी लगभग पूरी हो चुकी हैं। पीबीकेएस 23 मार्च को अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना होमग्राउंड मोहाली में करेगी। पंजाब में अर्शदीप सिंह, कगिसो रबाडा और हर्षल पटेल जैसे गेंदबाज हैं, जिनसे बॉलिंग मजबूत नजर आ रही है। लेकिन फिनिश करने वाले खिलाड़ियों की अब भी कमी है। आईपीएल 2024 सीरीज में आज बात पंजाब किंग्स की स्ट्रेंथ और वीकनेस की।

नए खिलाड़ियों के आने से टीम में जोश

- पंजाब ने पिछली ऑक्शन में राइली रुसो, हर्षल पटेल और क्रिस वोक्स जैसे बेहतरीन खिलाड़ी खरीदे। 2 विदेशी और 5 अनकैप्ड समेत 8 प्लेयर्स खरीदने पर 24.95 करोड़ रुपए खर्च किए। हर्षल पटेल के आने से डेथ ओवर्स में टीम की गेंदबाजी घातक हो गई। टीम में अर्शदीप, रबाडा, नाथन एलिस, वोक्स और सैम करन जैसे गेंदबाज भी मौजूद हैं। बैटिंग में धवन, राइली रुसो, लियम लिविंगस्टन, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा जैसे नाम हैं।

हॉकी झारखंड का क्वार्टर में प्रवेश

पुणे। मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम पिंपरी, पुणे में खेली जा रही प्रतिष्ठित 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में अपनी घरेलू टीम को सशक्त बनाने के लिए सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग और निक्की प्रधान हैं। बिलिंग पर खरा उतरना। हॉकी झारखंड ने पूल सी में शीर्ष पर रहकर टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। इस पूल में उत्तर प्रदेश हॉकी भी शामिल है, जिसमें वंदना कटारिया और मुमताज खान जैसे भारतीय सितारे हैं, जो इस अद्वितीय घरेलू आयोजन में अपनी-अपनी घरेलू टीमों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसमें भारतीय टीम के खिलाड़ियों की पूरी उपस्थिति रही।

आरसीबी के खिलाफ संदीप से रवींद्र तक घातक गेंजबाज

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में इस बार पहला मुकाबला एमएस धोनी की कप्तानी वाली सीएसके और फॉफ डुप्लेसी की कप्तानी वाली आरसीबी के बीच खेला जाएगा। चेन्नई का ग्राउंड सीएसके का होम ग्राउंड होने के साथ ही टीम का किला है, जिसे भेद पाना किसी भी टीम के लिए बहुत मुश्किल काम है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रवींद्र जडेजा है। वही रवींद्र जडेजा जो 22 मार्च को भी अपने घर पर इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नजर आएंगे। रवींद्र जडेजा अब तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 26 विकेट चटका चुके हैं। वे गेंदबाजी के साथ साथ बल्लेबाजी में भी अच्छे हाथ दिखाते हैं। वे शुक्रवार को भी आरसीबी की जीत के बीच रोड़ा बन सकते हैं। इसके बाद नंबर आता है संदीप शर्मा का। संदीप शर्मा अब तक सीएसके खिलाफ 26 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। इस बार संदीप राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए दिखाई देंगे। संदीप शानदार तेज गेंदबाज हैं, हालांकि ये बात और है कि उनका नाम उतना ज्यादा नहीं है। लेकिन रवींद्र जडेजा के ही बराबर आरसीबी के खिलाफ विकेट लेना बताता है कि वे कितने घातक हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर आते हैं जसप्रीत बुमराह। जो इस बार भी मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे। इस बार बुमराह के कप्तान रोहित शर्मा नहीं, बल्कि हार्दिक पांड्या होंगे। बुमराह पहली बार आईपीएल में हार्दिक पांड्या की कप्तानी में खेलेंगे, क्योंकि इससे जब भी वे मुंबई के लिए खेले तो रोहित ही कप्तानी कर रहे थे।

सिद्धू की कॉमेंट्री में वापसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के सीनियर लीडर नवजोत सिंह सिद्धू एक बार फिर क्रिकेट में वापसी करने जा रहे हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 में कॉमेंट्री करते नजर आएंगे। शुरुआत 22 मार्च को होने वाले पहले मैच से होगी। एक चैनल ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी। लिखा- "सरदार ऑफ कॉमेंट्री बॉक्स इज बैक"। सिद्धू ने भी इस ट्वीट को शेयर किया है। सिद्धू शुक्रवार को पंजाब के राज्यपाल बीएल पुरोहित से मिलने के लिए चंडीगढ़ पहुंचे थे। मीडिया से कहा था कि वे इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने यह बात जरूर कही थी कि क्रिकेट की कॉमेंट्री छोड़ने की वजह से उन्हें फाइनेंशियल नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा था कि मुश्किल समय में किरदार की पहचान होती है।

विनेश और साक्षी की पीएम मोदी से अपील

बृजभूषण जैसे लोगों को बाहर करने का किया आग्रह

महिला पहलवान विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों को खेलों से बाहर करने का आग्रह करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को प्रशासनिक अधिकार सौंपने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कड़ी निंदा की।

इन दोनों पहलवानों ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कड़े शब्दों का उपयोग किया है और प्रधानमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। यह दोनों उन प्रदर्शनकारी पहलवानों में शामिल थीं जिन्होंने बृजभूषण पर महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। अगले महीने 50 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर्स में भाग लेने की तैयारी में जुटी फोगाट ने पोस्ट किया,''प्रधानमंत्री जी स्पिन मास्टर हैं, अपने प्रतिद्विंदियों के भाषणों का जवाब देने के लिए 卐महिला शक्ति卐 का नाम लेकर बात को घुमाना जानते हैं।

नरेंद्र मोदी जी, हम महिला शक्ति की असल सच्चाई भी जान लीजिए।'' एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ने आगे लिखा,''महिला पहलवानों का शोषण करने वाला बृजभूषण फिर से कुश्ती पर काबिज हो गया है। उम्मीद है कि आप महिलाओं को बस ढाल बनाकर इस्तेमाल नहीं करेंगे, बल्कि देश की खेल संस्थाओं से ऐसे अत्याचारियों को बाहर करने के लिए भी कुछ करेंगे।'' ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने भी कहा की कुश्ती महासंघ के पदाधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे कानून से ऊपर हैं।

विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बृजभूषण शरण सिंह जैसे लोगों को खेलों से बाहर करने का आग्रह करते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को प्रशासनिक अधिकार सौंपने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कड़ी निंदा की।

साक्षी ने लिखा,''इतिहास गवाह है (कि) इस देश की धरती पर सदियों से ताकतवर लोगों ने महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया है। ज्लेकिन संपन्न दुराचारी इतना ताकतवर है कि वो सरकार, संविधान और न्यायपालिका सबसे ऊपर है।'' उन्होंने कहा,''सरकार द्वारा कुश्ती संघ को निलंबित करने के बाद बृजभूषण व संजय सिंह लगातार ये बयान देते रहे कि ये निलंबन सिर्फ़ एक दिखावा है, कुछ दिन बाद हम बहाल हो जायेंगे और सदा के लिये हमारा ही कुश्ती संघ पर क़ब्ज़ा रहेगा।''

साक्षी ने कहा,''ये बात सच साबित हुई और भारतीय ओलंपिक संघ के इस लेटर (पत्र) ने इस बात पर आधिकारिक रूप से मुहर लगाकर ये साबित कर दिया कि इस नये भारत में भी नारियों के अपमान की सदियों पुरानी परंपरा क़ायम रहेगी।'' इन दोनों महिला पहलवान की यह कड़ी प्रतिक्रिया भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा देश में कुश्ती का संचालन करने वाली तदर्थ समिति को भंग करने और बृजभूषण के करीबी सहयोगी संजय सिंह के नेतृत्व में डब्ल्यूएफआई को बागडोर सौंपने के एक दिन बाद आई है।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी

शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन– 0120– 2321857
मो0– 9811082962

आराध्या की तुलना ऐश्वर्या से कर रहे फैंस

बॉलीवुड सितारों की तरह उनके बच्चे भी सुर्खियों में रहते हैं। बच्चन परिवार और ऐश्वर्या राय की बेटी आराध्या भी इसी तरह खबरों में बनी रहती हैं। आराध्या की झलक सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल होने लगती है। ठीक ऐसा ही एक बार फिर हुआ है, जब ऐश्वर्या ने इंस्टाग्राम पर आराध्या की तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर को देखने के बाद फैंस के खूब रिएक्शन्स आ रहे हैं और लोग आराध्या की तुलना उनकी मां ऐश्वर्या से कर रहे हैं। दरअसल, ऐश्वर्या राय के पिता कृष्णराज राय का निधन 18 मार्च 2017 को हो गया था। तब से हर साल एक्ट्रेस उन्हें याद करते हुए इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर करती हैं। सोमवार को उन्होंने अपने पिता के सम्मान में कुछ पुरानी और नई तस्वीरें पोस्ट कीं। उनमें से एक छोटी आराध्या बच्चन की अपने नानाजी को चूमते हुए पुरानी तस्वीर थी, जबकि दूसरी तस्वीर हाल ही की थी जिसमें ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या और मां बृंदा राय के साथ नजर आ रही थीं। बैकग्राउंड में उनके पिता कृष्णराज राय की फोटो नजर आ रही थी। इंस्टाग्राम पर ऐश्वर्या के कैप्शन में लिखा है, 'आपको हमेशा प्यार करती हूं, सबसे प्यारे प्यारे डैडी-अज्जा। आपके सभी आशीर्वादों के लिए धन्यवाद।' अपनी मां और नानी के साथ एक तस्वीर में आराध्या बच्चन मुस्कुराती दिखीं। इस तस्वीर में उन्होंने वायरल हेयरस्टाइल बदल दिया है। उनका ये हेयरस्टाइल दूसरी बार देखने को मिला। इससे पहले वो जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग पार्टी के दौरान भी ऐसी ही हेयरस्टाइल में नजर आई थीं। इस तस्वीर को देखने के बाद फैंस रिएक्ट कर रहे हैं। कई फैंस का कहना है कि आराध्या जैसे-जैसे बड़ी हो रही हैं वो अपनी मां जैसी ही दिखने लगी हैं। कई लोग आराध्या को मां की कार्बन कॉपी बता दिया है।

कैमरे के सामने छलका राखी का दर्द

बॉलीवुड एक्ट्रेस राखी सांवत अक्सर किसी ना किसी वजह से सुर्खियां में रहती हैं। विवादों से उनका पुराना नाता रहा है। इसीलिए उन्हें बी-टाउन की कॉन्ट्रोवर्सी क्वीन भी कहा जाता है। मगर बहुत कम लोगों को पता है कि राखी का बचपन बहुत गरीबी में बीता है। राखी की मां जया भेड़ा ने एक पुलिस कॉन्स्टेबल से शादी की थी। राखी के पिता मुंबई के वर्ली में एक पुलिस स्टेशन में तैनात थे। उस पुलिस स्टेशन का नाम आनंद सावंत था। जहां से राखी ने भी अपना सरनेम सावंत रख लिया।

10 साल की उम्र में राखी ने पैसा कमाना शुरू कर दिया था। इसके लिए राखी काम करती थीं। बतौर वेट्रेस राखी की रोजाना की कमाई 50 रुपए होती थी। इसी दौरान राखी ने अनिल अंबानी और टीना अंबानी की शादी में भी वेट्रेस के रूप में मेहमानों को खाना सर्व किया था। उस समय किसने सोचा होगा कि, यही वेट्रेस आगे चलकर फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस बन जाएगी। राखी सावंत ने 1997 में फिल्म अग्निचक्र से बड़े पर्दे पर कदम रखा था।

कृति के हलवा को दादी ने किया अप्रूव

कृति खरबंदा ने हाल ही में पुलकित सम्राट से शादी रचाई है। अब वो ससुराल में हैं जहां उन्होंने घर का कामकाज संभाल लिया है। सोशल मीडिया पर कृति ने रसोई में पहले दिन की जिम्मेदारी संभालने, पहली डिश बनाकर घर वालों खिलाने और उनके रिएक्शन को साझा किया है। उन्होंने अपनी पहली रसोई में हलवा बनाया है। कृति ने कुल तीन तस्वीरें शेयर की हैं। पहली फोटो में उन्होंने स्वीट डिश दिखाई है। दूसरी तस्वीर में वो पुलकित की दादी का आशीर्वाद लेती हुई दिखाई दे रही हैं। इसमें उन्होंने लिखा है- दादी ने अप्रूव कर दिया है। वहीं आखिरी फोटो में कृति हलवा गर्निश करती हुई नजर आ रही हैं। ससुराल में कृति का ग्रैंड वेलकम हुआ, वेलकम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में पुलकित-कृति ढोल- नगाड़ों पर जमकर ठुमके लगाते दिखाई दिए। वीडियो में कृति ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। हाथों में चूड़ा पहने और मांग में सिंदूर भरे कृति साड़ी में दिखीं। जहां एक्ट्रेस ने लाल फूलों के प्रिंट वाली साड़ी पहनी हुई थी। वहीं पुलकित व्हाइट कुर्ता-पायजामा में दिखे। पुलकित सीटी बजाते हुए भी स्पॉट किए गए। कृति के सास-ससुर ने पैसों से उनकी नजर भी उतारी।

यश भारतीय सिनेमा के सबसे मंहगे विलेन बने!

केजीएफ और केजीएफ-2 के हीरो यश अब विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जिसको लेकर उन्होंने मोटी रकम मांगी है। खबरों की मानें तो यश ने डायरेक्टर नितेश तिवारी की आगामी फिल्म रामायण जिसमें रणबीर कपूर, साई पल्लवी स्टारर फिल्म रामायण में रावण की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के डायरेक्टर नितेश तिवारी हैं, जिन्होंने दंगल और छिछोरे जैसी हिट फिल्में बनाई हैं। खास बात ये है कि इस रोल के लिए यश को 150 करोड़ रु. फीस दी जा रही है। ये हिंदी सिनेमा के इतिहास में किसी विलेन को मिलने वाली सबसे ज्यादा फीस है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यश केजीएफ 3 की शूटिंग में भी बिजी हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने रामायण को अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म के तौर पर चुना है। वहीं, रिपोर्ट्स के मुताबिक, यश ने फीस के मामले में रणवीर सिंह, संजय दत्त, कमल हासन, विजय सेतुपति, इमरान हाशमी और सैफ अली खान जैसे स्टार्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन स्टारर कल्कि 2898 AD में कमल हासन विलेन बने नजर आएंगे। इस फिल्म के लिए उन्हें 30 करोड़ रुपए की फीस दी जा रही है। यश के बाद विलेन के तौर पर सबसे ज्यादा फीस पाने वाले विलेन की लिस्ट में वो दूसरे नंबर पर हैं। फिल्म 9 मई 2024 को रिलीज होगी। फिल्म का बजट 600 करोड़ है। इससे पहले कमल हासन ने फिल्म अभय में निगेटिव रोल निभाया था। विजय साउथ के पॉपुलर एक्टर हैं। उन्हें 2023 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक 'जवान' में विलेन काली के रोल में देखा गया था। इस रोल के लिए विजय को तकरीबन 21 करोड़ रु. की फीस दी गई थी। जवान विजय की पहली बॉलीवुड फिल्म थी। विजय का कहना था कि ये फिल्म उन्होंने केवल शाहरुख खान के कहने पर की थी। वैसे, विजय विक्रम समेत कई फिल्मों में विलेन का रोल निभा चुके हैं। 2018 में रिलीज हुई फिल्म पद्मावत में रणवीर सिंह ने हीरो के बजाय विलेन का रोल चुना, जिसके लिए उन्हें 13 करोड़ रुपए की फीस दी गई।

हिमाचल से राजनीति में दस्तक देंगी कंगना!

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत के राजनीति में दस्तक देने की खबरें हैं। कहा जा रहा है कि भाजपा उन्हें हिमाचल से टिकट दे सकती है। हालांकि इन खबरों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन बीजेपी ने हिमाचल प्रदेश की चार में से दो सीटों पर अपने उम्मीदवार को चुन लिया है और अभी दो सीटें बाकी है, जिसमें कांगड़ा और मंडी शामिल है। सूत्रों की मानें तो मंडी सीट से भारतीय जनता पार्टी जिन उम्मीदवारों के नाम पर विचार-विमर्श कर रही है उसमें एक्ट्रेस का नाम भी शामिल है। चूंकि अभिनेत्री कंगना रनौत भी राजनीति में आने की इच्छा जता चुकी हैं और वो मंडी जिले की रहने वाली भी हैं। माना जा रहा है कि वो मंडी सीट से बीजेपी की उम्मीदवार होंगी। हालांकि अब ये तो वक्त ही बताएगा कि मंडी सीट से किसे टिकट मिलेगा? बता दें कि कंगना रनौत अपने राजनीति में शामिल होने पर बात भी कर चुकी हैं। इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा था कि अगर मुझे चुनाव लड़ना हो तो इसके लिए यही सही टाइम है। एक्ट्रेस के राजनीति में शामिल होने की खबरें कई बार सामने आई है। इतना ही नहीं बल्कि इन खबरों पर एक्ट्रेस के पिता भी बयान दे चुके हैं। जी हां, कुछ दिन पहले (साल 2023 में) कंगना के पिता ने कहा था कि 2024 में बीजेपी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगी।

फिल्म समीक्षा

सिद्धार्थ मल्होत्रा ने सिनेमाघरों में धूम मचा दी

सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पटानी-स्टारर एक्शन फिल्म योद्धा सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म एक विशेष टास्क फोर्स अधिकारी अरुण कात्याल (सिद्धार्थ मल्होत्रा) की यात्रा की कहानी पर आधारित है।

योद्धा मूवी रिव्यू : सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पटानी-स्टारर एक्शन फिल्म योद्धा आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म एक विशेष टास्क फोर्स अधिकारी अरुण कात्याल (सिद्धार्थ मल्होत्रा) की यात्रा की कहानी पर आधारित है। जो भारत को आतंकवादियों से बचाने के लिए कुछ भी करेगा। हालाँकि, राजनीतिक पारिस्थितिकी तंत्र के कारण ऐसा करना मुश्किल हो जाता है। यदि आप इस हाई-ऑक्टेन एक्शन ड्रामा को बड़े पर्दे पर देखने की योजना बना रहे हैं, तो आपको इस समीक्षा को अंत तक अवश्य पढ़ना चाहिए, जिससे आपको एक संक्षिप्त जानकारी मिलेगी कि योद्धा क्या है और क्या यह वास्तव में आपके समय के लायक है।

कहानी : कहानी अरुण कात्याल (सिद्धार्थ मल्होत्रा द्वारा अभिनीत) के पिता के विशेष टास्क फोर्स, योद्धा के पहले प्रमुख बनने से शुरू होती है। अरुण, किसी भी अन्य बेटे की तरह, अपने पिता की तरह बनने और अपने देश की सेवा करने की इच्छा रखता है। लेकिन उनके पिता उन्हें सलाह देते हैं कि वर्दी सिर्फ कपड़े का एक टुकड़ा नहीं है और इसे कमाना चाहिए और जीवन भर इसकी गरिमा भी बनाए रखनी चाहिए। एक दिन, एक विशेष मिशन के दौरान उसके पिता शहीद हो जाते हैं, जिससे वह गहरे दुःख में डूब जाता है।

हालाँकि, दृढ़ समर्पण के साथ वह योद्धाओं में से एक बनने में सफल होता है, जो उन सभी में सबसे कठिन योद्धाओं में से एक भी है। अपहरण की एक घटना के बाद चीजें पूरी तरह से बदल जाती हैं, जहां उसे हवाई जहाज में अन्य यात्रियों के साथ एक परमाणु वैज्ञानिक को स्थिति से बचाना था। लेकिन ऐसा करने में विफल रहता है और अपने वरिष्ठ समकक्षों और सरकारी अधिकारियों के आदेशों का पालन न करने का दोषी ठहराया जाता है। जिसके बाद योद्धा टास्क फोर्स के

भाग्य का फैसला करने के लिए एक पैनल बैठता है। चूँकि, अरुण भावनात्मक रूप से बल से जुड़ा हुआ था, चूँकि उसके पिता योद्धा के पहले प्रमुख थे, इसलिए वह टीम को प्रतिबंधित होने से बचाने के लिए संघर्ष करता है।

डायरेक्शन: सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा द्वारा निर्देशित, एक्शन से भरपूर यह फिल्म पूरी तरह से काल्पनिक-आधारित कहानी है, जिसका अर्थ है कि इसका वास्तविक जीवन की किसी भी घटना से कोई संबंध नहीं है। हालाँकि, योद्धा की अधिकांश कहानी मध्य हवा में दिखाई देगी क्योंकि फिल्म में एक से अधिक अपहरण की घटनाएं शामिल हैं।

निर्देशन के मामले में, सागर और पुष्कर दोनों ने हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों को बेहतरीन तरीके से प्रदर्शित करके शानदार काम किया है। यदि आप एक्शन फिल्मों के शौकीन हैं तो योद्धा एक अवश्य देखी जाने वाली फिल्म है। फिल्म में इस्तेमाल किया गया वीएफएक्स भी बढ़िया है। फिल्म में कई इमोशनल सीन भी हैं जिन्हें निर्देशक ने दिल छू लेने वाले गानों और बैकग्राउंड म्यूजिक की मदद से बड़े पर्दे पर बखूबी दर्शाया है।

अभिनय : अभिनय के मोर्चे पर, आप किसी भी मुख्य कलाकार के प्रदर्शन से निराश नहीं होंगे। हालाँकि, मेरी राय में राशि खन्ना के साथ रोमांटिक दृश्यों की बात करें तो सिद्धार्थ मल्होत्रा बेहतर कर सकते थे। दूसरी ओर, दोनों प्रमुख महिलाएँ अपने किरदारों में परफेक्ट थीं। आप राशी को उसके प्यारे चुलबुले लुक और अभिनय कौशल के लिए पूरी फिल्म में पसंद करेंगे। फिल्म में दिशा पटानी भी अपने किरदार से आपको प्रभावित करेंगी। इनमें से एक महिला को आप एक्शन करते हुए भी देखेंगे।

संगीत : फिल्म का संगीत और बेहतर हो सकता था. फिल्म देखने के बाद आपको बी प्राक के %किस्मत बदल दी% के अलावा कोई गाना याद नहीं आएगा। हालाँकि, भावनात्मक दृश्यों के दौरान बैकग्राउंड स्कोर बिल्कुल सही रखा गया है और यह आपकी आँखों में आंसू ला देगा।

कैसी है फिल्म? कुल मिलाकर, योद्धा एक अच्छी घड़ी है और आप सिद्धार्थ मल्होत्रा को एक बार फिर वर्दीधारी के रूप में पसंद करेंगे। वह फिल्म में एक प्रेमी लड़के के मामले में बेहतर हो सकते थे, लेकिन चूंकि योद्धा एक्शन के बारे में अधिक है, इसलिए उस स्पर्शरेखा को निश्चित रूप से नजरअंदाज किया जा सकता है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, फिल्म का किसी भी वास्तविक जीवन की घटनाओं से कोई लेना-देना नहीं है और यह पूरी तरह से काल्पनिक कहानी पर आधारित है, लेकिन यह दर्शकों में देशभक्ति की भावना पैदा करने से कम नहीं है। यह कई ट्विस्ट से भी भरा है, जो आपको अपनी सीट से बांधे रखता है। पांच सितारों में से मैं इसे 3.5 रेटिंग दूंगी।

जेवर के कई गांवों में सांसद ने किया जनसंपर्क

नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने

जेवर विधानसभा स्थित कासना ब्लाक के विभिन्न गांव में चल रहे ''जन संपर्क'' के दौरान हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों से संपर्क किया। जनसंपर्क में कनरसा, हतेवा, पीपलका, दलेलगढ़, नियाना, अमीनाबाद, रामपुर माजरा, देवटा, खेरली हाफिजपुर, एवं चीरसी में जनसंपर्क कर भाजपा सरकार में हो रहे चहुमुखी विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनता का माननीय प्रधानमंत्री के प्रति अटूट विश्वास से यह निश्चित हो गया कि इस बार फिर से पूर्ण बहुमत से मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार बनने जा रही है।

सांसद ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार ने विकास कार्यो से शहर गांव की दूरी को मिटा दिया। सड़कों का जाल विछने से आज शहर से गांव तक ही नहीं बल्कि देश में एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचना आसान हो गया है। सरकार आपके द्वार है और मोदी सरकार की गारंटी है।

कार्यक्रम के के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर अमित चौधरी, सांसद प्रतिनिधि सोनू वर्मा, नरेन्द्र डाढा, सतेन्द्र नागर, ओमकार भाटी, अमित नागर, सुमित शर्मा, पंकज कौषिक, शिवा, वेगराज, अखिलेश नागर, यशु शर्मा, महिपाल भाटी, करतार विधूडी, अमित भाटी देवटा, विश्वजीत शर्मा समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

यूपी में 80 सीटें जीतेगा एनडीए : जयंत चौधरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह सांसद (राज्यसभा) एवं अनिल कुमार कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जनसभा को संबोधित करने के लिए मथुरा जाते हुए जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी के नेतृत्व में जीरो पॉइंट पर स्वागत किया गया।

मथुरा जाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में NDA 80 की 80 सीट लोकसभा की जीतेगा और तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव में जोर-शोर लग जाओ॥

इस मौके पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी, इंद्रवीर भाटी अध्यक्ष मेरठ मंडल, अजीत दौला, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती हेमा पाठक, विजेंद्र यादव, हरवीर सिंह, मनवीर भाटी, वीरेंद्र पूनिया, आजाद मलिक, जसवीर भाटी, जोगिंदर सिंह, निशांत भाटी, विनोद प्रधान, बिट्टू चौधरी, मोनू चौधरी, प्रमोद भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

2500 बसों तथा 3500 हल्के वाहनों का अधिग्रहण करेगा एआरटीओ

नोएडा (चेतना मंच)। चुनाव के लिए सहायक संभागीय परिवहन विभाग (एआरटीओ) 2500 बसों तथा 3500 हल्के वाहनों का अधिग्रहण करेगा। इसके लिए

सभी एआरटीओ (प्रवर्तन) को आदेश जारी किये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 610 बसें तथा 125 हल्के वाहन (चार पहिया) लगेंगे। सभी हल्के तथा भारी वाहनों के रवानगी स्थल का डीसीपी आरबी सिंह तथा अपर जिला अधिकारी (भू-अध्याप्ति) बच्चू सिंह के नेतृत्व में एआरटीओ की टीम ने निरीक्षण किया।

वाहनों के अधिग्रहण आदेश की तामील पुलिस विभाग की सहायता से सभी थाना क्षेत्रों में भी की जाएगी। जिसमें सभी एआरटीओ प्रवर्तन भी व्यक्तिगत रूप से वाहनों का अधिग्रहण कराये। यह जानकारी एआरटीओ प्रशासन सियाराम वर्मा ने दी।

'रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे डॉ. महेश शर्मा'

नोएडा (चेतना मंच)। इस बार गौतमबुद्धनगर का लोकसभा चुनाव और भी रोचक होगा। मोदी जी के नारे अबकी बार 400 पार को जमीन पर लाने के लिए भाजपा पूरी तरह तैयार है। इस बार यहां से डॉ0 महेश शर्मा 4-5 लाख के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे।

उमेश त्यागी

यह कहना है भाजपा के नोएडा महानगर के जिला महामंत्री उमेश त्यागी का। श्री त्यागी का कहना है कि यह क्षेत्र हमेशा से भाजपा का गढ़ रहा है। लगातार भाजपा की जीत का अनुपात बढ़ता जा रहा है। वर्ष-2019 में डा. महेश शर्मा ने 2 लाख 36 हजार के अंतर से जीत दर्ज की थी। उन्हें 60 फीसदी वोट मिले थे। इस बा रवह आंकड़ा काफी बढ़ेगा।

उमेश पहलवान

ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष उमेश पहलवान का कहना है कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता चुनाव के लिए कमर कस चुका है। इस बार डा. महेश शर्मा को ऐतिहासिक जीत दर्ज करवाने के लिए सभी जीजान से जुटे हैं। भाजपा पूर्व की तरह सपा, कांग्रेस तथा बसपा को करारी शिकस्त देगी तथा डा. महेश शर्मा रिकार्ड मतों से चुनाव जीतेंगे।

बेहतर साफ-सफाई के लिए कार्यशाला का आयोजन,दो डस्टबीन नहीं रखने पर लगेगा जुर्माना

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा में साफ -सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए एक कार्यशाला का

आयोजित किया गया। इसमें श्रम संविदाकार, नियमित और समस्त सुपरवाइजर को सफाई से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशला के प्रारंभ में एसबीएम कंस्लटेंट एवं गाइडेड फॉर्च्यून समिति एनजीओ की ओर से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की जानकारी दी गई।

बताया गया कि कूड़े का सेग्रीगेशन 5 श्रेणियों सूखा, गीला, सेनेट्री , घरेलू, खतरनाक और ई वेस्ट में किया जाना अनिवार्य है। कार्यशाला में डीजीएम एसपी सिंह, परियोजना अभियंता गौवर बंसल , आरके शर्मा ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान राहुल कुमार सहायक परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य सेकेंड ने सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि सड़क,फुटपाथ और सर्विस रोड पर नियमित रूप से सफाई की जा रही है या नहीं।

गौरव बंसल ने कहा कि साफ-सफाई के दौरान आवश्यक सावधानी बरते। व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करे। आईडी कार्ड और ड्रेस पहनकर की काम करे। सेक्टर और गाव में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों की सफाई उसी दिन रात के समय कराई जाए और निकलने वाले कूड़े का निपटारा डोर टू डोर एजेंसी से कराए। आर के शर्मा ने कहा कि नालियों से निकलने वाल स्लिट को उसी दिन सीधा डंपिंग ग्राउंड सेक्टर-145में भेजा जाए।

रोजाना रोशल मीडिया पर मिलने वाली शिकायतों का निपटारा किया जाए। बाजार और वेंडिंग जोन में दो डस्टबीन रखने का निर्देश दिए। जो वेंडर हरा और नीला डस्टबीन प्रयोग नहीं करेंगे उन पर पेनाल्टी लगाई जाए। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 के तहत जो संस्थाए रोजाना 100 किग्रा से अधिक वेस्ट उत्सर्जित करती है उनको अपने परिसर में गीले कूड़े के लिए कंपोस्ट प्लांट और सूखे को एमआरएफ एजेंसी द्वारा निस्तारित करने के निर्देशित किया गया।

धूमधाम से हुआ खाटू श्याम बाबा का जागरण

नोएडा (चेतना मंच)। पंजाबी एकता समिति (पंजी.) की सहयोगी संस्था भक्ति सागर परिवार ने नोएडा सेक्टर-51 में वेडिंग विला में खाटू श्याम बाबा के जागरण का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा की पूर्व विधायका श्रीमती बिमला बॉथम, पूर्व राज्य मंत्री नबाब सिंह नागर, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली एवं एक विशाल संख्या में लगभग 1000 से लेकर 1200 लोगों ने बाबा खाटू श्याम के जागरण में बाबा का आशीर्वाद लिया और भजनों का आनंद लिया।

कार्यक्रम में एस.डी. माहेश्वरी, राजेश बैजल, वीरेंदर मेहता, नरेन्द्र चोपड़ा, गौरव चाचरा, विनीत मेहता, नवीन सोनी, सुभाष जैन, मनीष निझावन, अंतेश भंडारी, अतुल मल्होत्रा, सुनील मेहता, पुनीत कपूर, एच.के. सरदाना, एस.के. शर्मा, तरसेम शर्मा, सुमित मनचंदा, पुनीत कपूर, पवन विग, मनोज बावेजा, एस.पी.आनंद, सतीश मेहता, जस्वीन्दर खोकर, सुरिंदर मेहता, धर्मेन्द्र चौहान, रवि कांत मिश्रा, राजकुमार गर्ग, अजय बाटला, प्रवीण भारद्वाज, चमन अवाना, श्रीमती डिंपल आनंद, वरिष्ठ भाजपा नेत्री पूनम सिंह, हरीश वर्मा, अश्विनी सदाना, राजीव खन्ना, कुणाल भाटिया, रितेश चोपड़ा, संजय जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

हिमगिर जी विवि ने किया शैक्षिक भ्रमण का आयोजन

नोएडा (चेतना मंच)। हिमगिरी जी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड

ह्युमनीटीज़ ने छात्रों के लिए देहरादून स्थित एशिया के सबसे बड़े मेंटल हेल्थ सेंटर, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ विजुअल्ली हैंडीकैप (NIVH) मे एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य छात्रों को नैदानिक मनोविज्ञान में व्यावहारिक पहलूओ से अवगत कराना था। बी.एड., बी ए. लिबरल आर्ट्स एवं बी.ए. साइकोलॉजी के छात्रों ने भ्रमण के दौरान संस्थान मे स्थित नैदानिक मनोविज्ञान विभाग, शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र एवं ब्रेल लिपि केन्द्र की कार्यप्रणाली को समझा।

संस्थान मे नैदानिक मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा.सुरेंद्र ढालवाल ने छात्रों को मनोविज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम शोध क्षेत्रों एवं संस्थान मे संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी।

डीन स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्युमनीटीज़ डा. मिनाक्षी वर्मा ने आशा जताई कि यह शैक्षिक भ्रमण छात्रों को नैदानिक मनोविज्ञान एवं विशेष शिक्षा से संबंधित अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा।

om EVER GREEN SWEETS
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आपके शहर में विश्वसनीय, शुद्धता एवं स्वच्छता के लिये मशहूर प्रतिष्ठान
काजू कतली, डोडा बर्फी, रसमलाई, स्पंज रसगुल्ला, पनीर, जलेबी, इमरती, सोनपापड़ी, बालूशाही, मोतीचूर लड्डू, बर्थडे केक, पेस्ट्री चॉकलेट, पेटिज, बर्गर, पिज्जा, गोलगप्पे, टिक्की, छोले भटूरे, पॉवभाजी, स्पेशल वैज थाली, समोसे, ब्रैड पकोड़ा, ढोकला इत्यादि।
नोटः शुभ अवसरों पर कैटरिंग की भी व्यवस्था है।
Head Office: Shop No. 16, Bhoginvilla, shoping Complex, Sector Gama-II, Grater Noida
Branch : Shop No.1, Star Plaza, Ansal golf Link, Sector OMega, Greater Noida Mob.: 9990491275
Branch : Shop No. 4, Satyam Shoping Complex, Sector ALFA II, Greater Noida Mob.: 9643692200
Branch: Shop No. - 19, Green market, Sector P2, Grater Noida Mob. : 9210080229
9210005711, 9313422939, 0120-4283052
Branch : Shop No.8, Greno Plaza, Opporite Ivory Hospital, Sec.-36, GB Nagar Mob.: 9811900795, 8882462343

विघटनकारी प्रौद्योगिकी पर 300 शोध पत्र दाखिल

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (जीएलबीआईटीएम) के सीएसई विभाग द्वारा

'विघटनकारी प्रौद्योगिकियों' पर आयोजित दूसरे अंतर्राष्ट्रीय आईईईई सम्मेलन का समापन हो गया। समापन समारोह में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे मुख्य अतिथि और एनएसयूटी वेस्ट कैंपस नई दिल्ली की कैंपस निदेशक प्रोफेसर प्रेरणा गौड़ विशिष्ट अतिथि रही।

एनआईटी दिल्ली के डीन रिसर्च एंड कंसल्टेंसी प्रोफेसर अनुराग सिंह, आईजीडीटीयूडब्ल्यू नई दिल्ली के डीन शैक्षणिक मामले प्रोफेसर अरुण शर्मा, एमएमएमयूटी गोरखपुर के प्रोफेसर प्रभाकर तिवारी और एथेंस विश्वविद्यालय ग्रीस के प्रोफेसर एलेक्सियोस कर्रास ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रतिभागियों के साथ साझा किये।

सम्मेलन के अंतिम दिन एआई, ब्लॉकचेन, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग और एमएल जैसे विषयों सहित विघटनकारी प्रौद्योगिकियों में ज्ञान के आदान-प्रदान और उपलब्धियों के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान किया गया।

इस दो दिवसीय कार्यशाला में दुनिया भर से शैक्षिक विद्वानों ने 1,113 शोध पत्र पंजीकृत किये थे जिसमें से चयन समिति ने कुल 300 शोध पेपर का चयन किया। कुल 26 प्रतिशत पेपर स्वीकृत किये गए। कॉलेज के निदेशक डॉ. मानस कुमार मिश्रा ने मुख्य अथिति और सभी विशिष्ट अथितियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान सरोज पांडे और राजेंद्र शर्मा के साथ अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

सपा प्रत्याशी को मजबूती से चुनाव लड़ाने को प्रतिबद्ध : महेन्द्र नागर

लोकसभा चुनाव को लेकर बन रही व्यापक रणनीति

नोएडा (चेतना मंच)। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर को मजबूत तरीके से लोकसभा का चुनाव लड़वाया जाएगा।

लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी द्वारा व्यापक रणनीति बनाई जा रही है। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को चुनाव में जुटने के निर्देश दिए गए हैं। यह बात सपा के प्रदेश सचिव महेंद्र यादव ने कही।

प्रदेश सचिव श्री यादव ने बातचीत के दौरान बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से डॉ महेंद्र नागर को प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की जिम्मेदारी दी है। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में मजबूती से चुनाव लड़कर प्रत्याशी को विजयी बनाने का काम करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वह तमाम मतभेदों को भुलाकर पार्टी व संगठन के लिए कार्य करें। पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हें समाजवादी पार्टी सरकार की पूर्व की उपलब्धियां तथा केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से अवगत कराएं।

प्रदेश सचिव श्री यादव ने कहा कि केंद्र प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों,लगातार बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से हर तबका परेशान है। किसान, मजदूर, युवा,व्यापारी सहित सभी वर्गों के लोगों में भाजपा सरकार के खिलाफ खासा आक्रोश है। इस बार चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का झंडा बुलंद होगा।

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!
Certified by :
ISO 9001 startupindia MSME
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com